वर्ष : 25 | अंक : 336 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 02 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

'मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान और तेलंगाना में कल (3 दिसंबर 2023) को विधानसभा चुनाव के नतीजे आयेंगे'

नतीजों से पहले जोड़-तोड़ और जीत के दावे

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के पांच राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर 2023 (कल) आएंगे। हालांकि चुनाव आयोग ने मिजोरम में वोटो की गिनती 4 दिसंबर 2023 को करने के आदेश दिए हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में कल सुबह 8 बजे के बाद चुनावी नतीजे आने लगेंगे। नतीजे से पहले इन चारों राज्यों में चुनाव लड़ने वाली पार्टियां अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही हैं। वोटों की गिनती से पहले इन राज्यों के अलावा देश की राजधानी दिल्ली में भी हलचल बढ़ गई है।

मध्य प्रदेश = 230 सीटें

राजस्थान = 199 सीटें

छत्तीसगढ = 90 सीटें

तेलंगाना = 119 सीटें

भोपाल (एजेंसी)।
मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद सभी पार्टियों को तीन दिसंबर को आने वाले चुनाव के नतीजों का इंतजार है। वहीं, चुनाव आयोग ने बताया कि सबसे पहले 8 बजे से डाक मतपत्रों की गणना होगी। आधे घंटे बाद 8.30 बजे ईवीएम में दर्ज मतों की गणना शुरू होगी। चक्रवार परिणाम वेबसाइट और मोबाइल एप पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

मुझे मप्र की जनता पर भरोसा: कमलनाथ

मुझे किसी (एग्जिट) पोल की परवाह नहीं है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों पर मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे मध्य प्रदेश की जनता पर भरोसा है। और मप्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

भाजपा बहुमत के साथ बनाएगी सरकार: शिवराज

मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि हमें विश्वास है कि बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ (मध्य प्रदेश में) फिर से सरकार बनाएगी।

गहलोत और वसुंधरा सक्रिय

जयपुर (एजेंसी)।
भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि दोनों पार्टियों में इस बार कांटे की टक्कर हुई है। भाजपा हो या कांग्रेस जो भी जीतेगी उसे हारने वाली पार्टी से पांच से दस सीटें अधिक मिल सकती है।

सूत्रों के अनुसार दोनों ही पार्टियों ने तीन दिसंबर को चुनाव परिणाम आने के बाद विधायकों की बाड़ेबंदी करने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा पार्टी के प्रत्याशियों के साथ ही निर्दलियों से संपर्क साध रहे हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट दिल्ली में सक्रिय हैं।

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सारे सर्वे फेल हो जाएंगे। वहीं भाजपा ने भी राज्य में सरकार बनाने का दावा किया।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र जी से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। वहीं वसु वसुंधरा मंदिर-मंदिर घूम रही है और कार्यकर्ताओं से मिल रही है।

राजस्थान में भाजपा को मिलेगा प्रचंड बहुमत: सीपी जोशी

राजस्थान बीजेपी अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि बीजेपी 3 दिसंबर को पूर्ण बहुमत के साथ राजस्थान में सरकार बनाएगी। मैं सीएम की रेस में नहीं हूं... बीजेपी 135 से ज्यादा सीटें जीतेगी जबकि कांग्रेस 50 से नीचे रहेगी। राजस्थान बीजेपी प्रमुख सीपी जोशी का कहना है, 3 दिसंबर को बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ (राजस्थान में) सरकार बनाएगी।

रायपुर छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। इससे पहले एग्जिट पोल के सर्वे ने सियासी दलों की धड़कनें बढ़ा दी है। एग्जिट पोल के रूझान के बाद राजनीतिक दलों द्वारा अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव दो चरणों 7 नवंबर और 17 नवंबर में संपन्न हुआ।

- **महिलाओं को मिली मतगणना की जिम्मेदारी**

कांकेर में महिलाओं को प्रशासन और मतगणना का पूरा प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डीएम प्रियंका शुक्ला ने कहा कि वोटिंग वाले दिन हमने इंद्रधनुष थीम वाला मतदान केंद्र भी बनाया है। हमने पांच अलग-अलग थीम पर मतदान केंद्र बनाए हैं, जिनमें से इंद्रधनुष मतदान केंद्रों ने सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया। ऐसा थर्ड जेंडर को विशेष महसूस कराने के लिए किया गया है... इस बार जिले में पूरी मतगणना महिलाएं करेंगी। मुख्य संदेश जो हम देना चाहते हैं वह यह है कि काम करने की क्षमता किसी लिंग पर निर्भर नहीं करती। इसके लिए लगभग 200 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है और रिजर्व जोड़ने के बाद संख्या बढ़ जाएगी। (शेष-3 पर)

दिल्ली की युवती से गाजियाबाद में गैंगरेप

गाजियाबाद(चेतना मंच)। दिल्ली में रहने वाली एक युवती से गाजियाबाद में गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक स्कूटी से आ रही युवती को ऑटो में खींचकर अगवा किया गया और फिर उसे सुनसान जगह ले जाकर गैंगरेप को अंजाम दिया गया। रेप की ये वारदात 30 नवंबर की शाम को गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में हुई थी।

पीड़ित युवती जिस वक्त स्कूटी से आ थी उस समय मौके पर उसकी सहेली और सहेली का बॉयफ्रेंड भी मौजूद था। रिपोर्ट के मुताबिक जब पीड़िता की सहेली और उसके ब्वॉयफ्रेंड ने आरोपियों का विरोध किया तो उन लोगों ने उन्हें भी बंधक बना लिया.

गैंगरेप की इस वारदात के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को आरोपियों के कुछ सुराग भी मिले हैं। वहीं पीड़िता के मुताबिक 3 आरोपी थे जिसने इस घिनौनी कृत्य को अंजाम दिया।

एफआईआर के मुताबिक पीड़ित युवती 30 नवंबर की शाम को करीब 6 बजकर 35 मिनट पर फैक्ट्री से लौट रही थी। इस दौरान पीड़ित युवती अपनी फ्रेंड के साथ खानपुर जाने वाली एक सुनसान सड़क पर स्कूटी सीखने लगी। इसी दौरान फोन आने पर युवती रुककर बात करने लगी। जब उसने पीछे मुड़कर देखा तो तीन युवक पीछे खड़े थे।

तीनों लड़कों ने पीड़ित युवती और उसके दोस्तों पर गलत काम करने का आरोप लगाते हुए धमकाया। इसके बाद सभी आरोपी पीड़िता को अपने साथ जबरदस्ती झाड़ियों में ले गए और बारी-बारी से उसके साथ रेप किया।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित युवती और उसके दोस्त घर पहुंचे और परिजनों को पूरी वारदात की जानकारी दी। फिर परिवार की तरफ से थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुछ सदिंग्धों को हिरासत में लिया गया है।

तीन किशोरियों का अपहरण नौंवी का छात्र लापता

नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नौवीं कक्षा का छात्र व दो किशोरियों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। एक किशोरी के पिता ने पड़ोस में रहने वाले युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। ग्राम मलकपुर में किराए पर रहने वाले विनोद कुमार शाह ने थाना सूरजपुर पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 29 नवंबर की सुबह उनका 14 वर्षीय बेटा घर से खेलने के लिए गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा पर जिन्होंने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित के मुताबिक उसका बेटा नौवीं कक्षा का छात्र है। उन्होंने अपने बेटे के अपहरण की आशंका जताई है। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी दो दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। किशोरी की मां ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र के देवला गांव में पड़ोस में रहने वाला एक युवक 14 वर्षीय किशोरी को (शेष पृष्ठ-3 पर)

बीसीए के छात्र ने लगाई फांसी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा दो क्षेत्र के सेक्टर अल्फा 2 में रहने वाले बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

मूल रूप से विलियम टाउन जनपद देवघर झारखंड निवासी 22 वर्षीय राजमणि पुत्र संजय कुमार राय अपनी बहन के साथ ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-2 में रह रहा था। वह बीसीए द्वितीय वर्ष का छात्र। बीती श्याम राजमणि राय की बहन घर पहुंची तो उसे वह फांसी के फंदे पर लटका मिला बहन के शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोगों ने राजमणि राय को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर थाना बीटा-2 पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिस कारण आत्महत्या की वजह पता नहीं चल पाई है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

नोएडा की स्टंटबाज छोरी

नोएडा (चेतना मंच)। हमारी छोरियां क्या छोरो से कम है। दंगल फिल्म का यह डायलॉग नोएडा की स्टंटबाज लड़की पर खासा फिट बैठ रहा है। ऐसे ही एक छोरी (लड़की) द्वारा कार स्टंट की वायरल वीडियो पर इस तरह के कमेंट आ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हुई 29 सेकंड की एक वीडियो में रात के समय एक सुनसान सड़क पर स्विफ्ट डिजायर कार की खिड़की पर बैठी एक युवती स्टंट करती दिख रही है। तेज रफ्तार कार की खिड़की से बाहर निकाल कर स्टंट कर रही युवती का किसी व्यक्ति ने वीडियो (शेष पृष्ठ-3 पर)

सास को पीटकर बहू ने घर से बाहर निकाला

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सौंदर्यम सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने अपनी सास के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान महिला ने गला दबाकर अपनी सास की हत्या करने का भी प्रयास किया। इस संबंध में पीड़िता के बेटे ने अपनी पत्नी के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है। गौर सौंदर्यम सोसाइटी में रहने वाले स्वतंत्र कुमार जायसवाल ने पुलिस से की शिकायत में बताएं कि बीते 30 नवंबर को उनकी ड्यूटी फरीदाबाद में आयोजित रोजगार मेला में लगी हुई थी। दोपहर के समय उनकी सोसयटी के सुपरवाइजर का फोन आया कि उनकी माता को उनकी पत्नी ने गंभीर तरीके से मारा पीटा है और उनको घर से बाहर निकाल कर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया है। स्वतंत्र कुमार जायसवाल के मुताबिक उन्होंने सुपरवाइजर को अपनी माता को अस्पताल पहुंचाने तथा पुलिस को सूचना देने की बात की। रोजगार मेला खत्म होने के बाद घर पहुंचे तो पता चला कि उनकी मां को इलाज के लिए पुलिस की मदद से एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वतंत्र कुमार जायसवाल के मुताबिक उनकी मां ने बताया कि बहू ने उन्हें जान से मारने की नीयत से दरवाजा अंदर से बंद कर अचानक उन पर हमला बोल दिया उसके साथ मारपीट की गई और बहू ने गला दबाकर उन्हें मारने का प्रयास किया। स्वतंत्र कुमार जायसवाल ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अक्सर उसकी मां को (शेष पृष्ठ-3 पर)

झाड़ियों में छुपाई थी चोरी की 15 बाइक

गिरोह के 3 बदमाश गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा शहर के थाना बीटा 2 पुलिस ने देर रात एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक दर्जन से अधिक बाइक बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा शहर के थाना बीटा 2 की पुलिस रात कासना पुलिया पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक पर सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर बाइक सवारों ने बाइक को पीछे की ओर मोड़ लिया और भागने लगे। जिस पर पुलिस ने पीछा करके बाइक सवारों को पकड़ लिया। पकड़े गए बाइक सवारों से पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम पवन पुत्र सुंदर निवासी ग्राम आंजनी थाना जहांगीराबाद जनपद बुलंदशहर तथा दूसरे ने अपना नाम शिवा पुत्र रामस्वरुप निवासी ग्राम आंजनी बुलंदशहर बताया। बाइक के कागज मांगने पर दोनों ने बताया कि यह बाइक चोरी की है और कासना के शनि बाजार से दो महीने पहले चोरी की थी। पुलिस से बचने के लिए वह पीछे मुड़कर भाग रहे थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

रिलायंस जिओ के मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर लगे जिओ रिलायंस के टावर से चोरों ने बैटरी, राउटर व अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

जिओ रिलायंस कंपनी के प्रतिनिधि अर्जुन कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी का एक टावर सेक्टर 72 की ग्रीन बेल्ट में लगा हुआ है। बीते 28 नवंबर की रात्रि को चोरों ने टावर से एक राउटर चोरी कर लिया। सेक्टर-74 में लगे टावर से चोरों ने तीन बैटरी तथा (शेष पृष्ठ-3 पर)

सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 को, सभी प्रतीक झण्डे को खरीदकर धनराशि दान दें : डीएम

नोएडा (चेतना मंच)। 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 12:30 बजे डीएम मनीष कुमार वर्मा को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के द्वारा प्रतीक झंडा लगाकर किया जाएगा। जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद के समस्त विभागीय अधिकारियों, समस्त जनपद वासियों, औद्योगिक इकाइयों, स्कूल, कॉलेजों एवं समस्त शिक्षण संस्थानों से अपील करते हुए कहा है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर अधिक से अधिक प्रतीक झंडे प्राप्त करते हुए दान की धनराशि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि भारत के वीर शहीदों भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के परिवार आश्रितों के कल्याण के लिए यह धनराशि एकत्र करते हुए उन पर व्यय की जाती है। अत: शहीद सैनिकों एवं उनके परिवारों की सहायता के उद्देश्य से यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इससे सभी अधिकारीगण अधिक से अधिक जुड़े एवं समस्त जनपद वासियों, (शेष पृष्ठ-3 पर)

डीएम से शिकायत करना ग्रामीण को पड़ गया भारी

इलाके में सक्रिम महिला शराब तस्कर ने की मारमीट

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा रबूपुरा कस्बे के मोहल्ला अंबेडकर नगर में अवैध रूप से शराब बेचने वाली महिला की शिकायत करना एक परिवार को खासा महंगा पड़ा। आरोपी महिला व उसके परिजनों ने शिकायतकर्ता तथा उसके घर के सदस्यों के साथ मारपीट करने घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपी महिला सहित छह लोगों के खिलाफ थाना रबूपुरा में मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी पिंटू ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली सविता नामक महिला

अवैध रूप से शराब की बिक्री करती है। इस कारण मोहल्ले में शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है और आए दिन शराबी महिलाओं व अन्य लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इस बात से परेशान होकर उसने बीते 15 नवंबर को अवैध शराब बिक्री की शिकायत जनपद गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी से की थी। शिकायत की जानकारी मिलने पर सविता उससे रंजिश रखने लगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

'बेघर' होने के कगार पर सुपरनोवा के आबंटी!

बिल्डर ने दो-दो बार बेच दिये फ्लैट, बैंक के नोटिस के बाद मचा हड़कंप

नोएडा (चेतना मंच)। बायर्स की रकम डकारने तथा प्राधिकरणों की बकाया रकम का भुगतान न करने के आरोप में जेल में बंद सुपरटेक के चेयरमैन आरके अरोड़ा के स्याह कारनामों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोप है कि अब सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा के कई आबंटियों के फ्लैट दो बार बेच दिये गये। बैंक से नोटिस आने के बाद इस मामले का खुलासा हुआ है।

यहां रहने वाली आबंटी श्रीमती रविंद्र कौर, नरेंद्र सिंह, श्रवण अग्रवाल तथा मीर अली आदि ने बताया कि एलएनटी फाइनेंस ने जब उनको रिकवरी के नोटिस भेजे तो पता चला कि यह फ्लैट किसी दूसरे नाम पर भी (शेष -3 पर)



क्या कहते हैं नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ

"नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) संजय कुमार खत्री का कहना है कि समूचे मामले की रिपोर्ट तलब की गई है। प्राधिकरण इस प्रकरण में बायर्स तथा प्राधिकरण के हितों को ध्यान में रखकर ही कोई समुचित कार्रवाई करेगा। फिलहाल बैंक नोटिस आने के बाद कई फ्लैट बायर्स में हड़कंप मचा हुआ है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

हादसे से सबक

उत्तराखंड की उत्तरकाशी सुरंग के निर्माण से जुड़ी अनियमितताओं और अहम शर्तों, प्रावधानों की अनदेखी पर सवाल करना उतना ही उचित है, जितना फंसे 41 मजदूरों की जिंदगियां बचाना जरूरी था। चूंकि सर्वोच्च अदालत उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सुरंग बनाने और मार्गों के विस्तार के खिलाफ नहीं है, लेकिन उसके फैसले आते रहे हैं कि निर्माण-कार्य, मानकों की तुलना में, घटिया स्तर के हैं, लिहाजा पहाड़ और मानवीय जीवन लगातार खतरे में बने रहे हैं। सर्वोच्च अदालत ने फैसलों के अलावा, विशेषज्ञ समितियां भी बनाईं, लेकिन सभी के निष्कर्ष कमोबेश यही रहे हैं। अलबत्ता वे पहाड़ में निर्माण और खुदाई के खिलाफ नहीं थीं। उत्तराखंड में औसतन 6 करोड़ पर्यटक सालाना जाते हैं, जिनसे करीब 15,000 करोड़ रुपए का राजस्व मिलता है। उनमें काफी पर्यटक चारधाम की यात्रा भी करते हैं, लिहाजा वे सुरंगों को पार करके ही केदारनाथ, बद्रीनाथ तक जा सकते हैं। क्या इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जिंदगी को जोखिम में धकेला जा सकता है? विवादित सुरंग के संदर्भ में सबसे अहम सवाल 'आपातकालीन निकास मार्ग' का है। विपक्ष ने भी ये सवाल उठाए हैं। वे गलत नहीं हैं। फंसे हुए मजदूर बाहर निकाले जा चुके हैं। 'चूहा खनिकों' को पुरस्कार के तौर पर 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की जा चुकी है। विपक्ष की राजनीति को एक तरफ रख भी दें, तो सुरंग की योजना से स्पष्ट हो जाता है कि ऐसे 3 निकास-मार्ग बनाए जाने थे, लेकिन कंपनी ने आज तक एक भी मार्ग और द्वार नहीं बनाया है। विशेषज्ञों ने भी निरीक्षण में अनदेखी बरती है, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी भी तय की जाए। यह तथ्य भी उजागर हुआ है कि सुरंग परियोजना की डीपीआर और निर्माण-कार्य में गहरे अंतर हैं। फिलहाल निर्माण कंपनियां और केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्रालय आदि खामोश हैं। यदि सरकारी वेबसाइट पर निर्माण-योजना को पढ़ें, तो स्पष्ट होगा कि यह तय किया गया था कि सुरंग, बाहर निकलने का रास्ता और अप्रोच रोड 8 जुलाई, 2022 तक बन जाएंगे। इस परियोजना पर काम जुलाई, 2018 में शुरू किया गया था, लेकिन अभी तक करीब 56 फीसदी काम ही हो पाया है। उस पर मजदूरों के फंसने का हादसा हो गया। कुछ मजदूरों ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ संवाद के दौरान यह कहा है कि अब वे उस सुरंग में काम नहीं करेंगे। यदि वाकई ऐसा होता है, तो यह परियोजना लटक कर रह सकती है, क्योंकि मजदूरों की मनोस्थिति जंगल में आग की तरह फैलती है। बहरहाल अगली डेडलाइन मई, 2024 तय की गई है, जब देश में लोकसभा चुनाव होंगे। हकीकत यह है कि सुरंग में बचाव का कोई भी रास्ता आज तक नहीं बनाया गया है। कंपनी की अपनी दलील है कि इसकी जरूरत नहीं है, क्योंकि दोनों लेन के बीच दीवार है। उसमें 'आपातकालीन निकास द्वार' का प्रावधान है। एक से दूसरी तरफ आया-जाया जा सकता है, लेकिन यह भी हकीकत सामने आई है कि सुरंग में कहीं भी निकास-द्वार अभी तक नहीं बनाया गया है। सुरंग के खोदे गए हिस्से में भी 'सुरक्षा-पाइप' नहीं डाले गए हैं। इस परियोजना से जुड़े प्रबंधकों की सफाई है कि कमजोर स्थानों पर 'सुरक्षा-पाइप' का इस्तेमाल करने की योजना थी, लेकिन किसी को भी एहसास नहीं था कि ऐसा हादसा होगा! खतरों और हादसों के भी एहसास होते हैं क्या? पर्यावरण संबंधी सरोकार सर्वोच्च अदालत ने भी जताए थे। आज भी ये चिंताएं अपनी जगह मौजूद हैं। निर्माण से जुड़ी 10 कंपनियों में से जिस 'नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड' को 853. 79 करोड़ रुपए का उप-ठेका दिया गया, उसके दामन पर हादसों और मौतों के दाग पहले से ही हैं। फिर भी यह ठेका दिया गया, लिहाजा यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है। हादसे की जांच समिति का नेतृत्व निदेशक, भूस्खलन शमन और प्रबंधन केंद्र, उत्तराखंड कर रहे हैं। समिति में किसी भी भू-विज्ञानी को नहीं रखा गया है। सिर्फ 6 इंजीनियर हैं और श्रमिक संघ या स्वतंत्र विशेषज्ञ भी नहीं हैं। जांच समिति भी सवालों में है। 'चूहा-खनिकों' के मेहनताने का मुद्दा भी उठा है। इससे जुड़े कानून कागजों पर तो हैं, लेकिन कोई भी नियामक या आयोग नहीं है।

पांच राज्यों के चुनाव में सब पर भारी पड़ी है कांग्रेस!

देश के पांच राज्यो के विधानसभा चुनावो में कांग्रेस ने अपनी ताकत का एहसास कराया है। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाकर भाजपा को जबरदस्त पटकनी दी थी। तभी से लगने लगा था कि कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी स्थिति सुधार रही है। वहीं केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा का पराभव प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की थी तो किसी को सपने में भी गुमान नहीं था कि उनकी यात्रा को आमजन का इतना जन समर्थन मिलेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कमजोर होती कांग्रेस में एक नई जान फूंकने का काम किया है।

पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है। इन राज्यों के नतीजे का असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। सबसे बड़ी बात 26 विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितनी बड़ी चुनौती दे पाएगा इसका पता भी इन विधानसभा चुनाव के परिणामों से लग जाएगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा की कुल 679 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस प्राय सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

हिंदी भाषी बेल्ट माने जाने वाले राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की भाजपा से सीधा मुकाबला है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने इन तीनों प्रदेशों में सरकार बनाई थी। मगर भाजपा ने षडयंत्र पूर्वक मध्य प्रदेश की सरकार को गिरकर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अपनी सरकार बना ली थी। अब इन तीनों ही प्रदेशों में एक बार फिर कांग्रेस व भाजपा में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां मतदान हो चुका है। मतदान के प्रारंभिक रुझानों से लगता है कि कांग्रेस मजबूत बनकर उभर रही है।

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछले दो वर्षों में बहुत सी जनहितकारी योजनायें शुरू की थीं। जिसका असर इन चुनाव में भी देखने को मिला है। चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से सात वायदे किए हैं तथा कहा है कि यदि फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह इन वादों को लागू करेगी। यह सभी वायदे आम जन को खासा प्रभावित कर रहे हैं।

राजस्थाना में कांग्रेस ने कमजोर स्थिति वाले बहुत से विधायकों का टिकट काट कर नए लोगों को मौका दिया है। जिससे सरकार के प्रति व्याप्त नाराजगी समाप्त हुई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस तरह से चुनावी चक्रव्यूह की रचना की थी जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता भी उलझ कर रह गए। कई बड़े जाट नेताओं के भाजपा में जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने जाट समाज के लोगों को बढ़ चढ़कर टिकट दिया थां जिसके चलते जाट समाज के मतदाता कांग्रेस से ही जुड़े रहे हैं।

राजस्थान में सबसे बड़ी आबादी जाट समाज की है जो पारंपरिक रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं। इस बार भी जाटों का कांग्रेस से जुड़ाव कांग्रेस के लिए एक नई संजीवनी साबित हो रहा है। हालांकि भाजपा ने सात सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा था।

प्रदेश में सबसे बड़ी आबादी जाट समाज की है जो पारंपरिक रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं। इस बार भी जाटों का कांग्रेस से जुड़ाव कांग्रेस के लिए एक नई संजीवनी साबित हो रहा है। हालांकि भाजपा ने सात सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा था। मगर सभी सांसद चुनावी चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आये। उनके चुनाव लड़ने से भाजपा को कोई फायदा होता नजर नहीं आ रहा है। उसके उलट कांग्रेस ने संगठन से जुड़े कई नए लोगों को अवसर देखकर पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नए जोश का संचार किया है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस को भाजपा द्वारा करवाए गए दल-बदल का लाभ मिलता नजर आ रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में वहां कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। मगर सवा साल बाद ही भाजपा ने ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक विधायकों से दल-बदल करवाकर कमलनाथ सरकार को गिराकर भाजपा की सरकार बना ली थी। भाजपा ने वहां अपनी जोड़-तोड़ से सरकार तो बना ली थी। मगर कांग्रेस से भाजपा में आए सिंधिया समर्थक विधायकों व भाजपा के मूल कार्यकर्ताओं का टकराव कभी समाप्त नहीं हो पाया। यहां तक की टिकट वितरण में भी भाजपा दोनों गुटों को एक जगह करने में असफल रही।

इसी के चलते बड़ी संख्या में भाजपा के बागी मैदान में उतरकर भाजपा प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाया है। मध्य प्रदेश में लगातार शिवराज सिंह के मुख्यमंत्री बनने व उनके शासन में खुले आम भ्रष्टाचार होने के कारण वहां की जनता में सरकार के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त थी। जिसका असर चुनाव में होना तय माना जा रहा है। शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते पहले व्यापम घोटाले का दाग लगा था जो धुल भी नहीं पाया था कि पिछले दिनों पटवारी भर्ती परीक्षा को लेकर भी शिवराज सिंह सरकार को खासी बदनामी झेलनी पड़ी थी।

लगातार चार बार मुख्यमंत्री रहने के कारण मध्य प्रदेश के लोगों में शिवराज सिंह चौहान की नकारात्मक छवि बन चुकी है। जिसका खामियाजा वहां भाजपा को उठाना पड़ेगा। मध्य प्रदेश में भी भाजपा ने बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को मैदान में उतार कर शिवराज सरकार के प्रति व्याप्त हो रही नाराजगी को कम करने का प्रयास किया था। मगर ऐसा हो नहीं पाया। मध्य प्रदेश की जनता शिवराज सरकार के कारनामों के कारण हर हाल में भाजपा सरकार को बदलना चाहती है।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के पहले ऐसे नेता हैं जो पांच साल शासन करने के उपरांत भी प्रदेश की जनता में पहले की तरह लोकप्रिय बने हुए हैं। जमीन से जुड़े होने के कारण बघेल को आम आदमी की समस्याओं का पता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने आम आदमी के भले से जुड़ी अनेकों योजनाएं जारी कर लोगों में अपनी सरकार के प्रति नकारात्मक भावना पैदा ही नहीं होने दी। जिसका लाभ उनको विधानसभा चुनाव में भी मिलता दिख रहा है। अंतिम वर्ष में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी टीएस सिंह देव को उपमुख्यमंत्री बनाकर उनकी नाराजगी ही दूर नहीं की बल्कि कांग्रेस संगठन को भी मजबूत करने का काम किया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल से तंग आ चुकी जनता को भूपेश बघेल ने एक नया नेतृत्व देखकर प्रदेश के सभी वर्गों के विकास का वादा किया था। जिस पर उन्होंने खरा उतरने के लिए पूरा प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ी है और फिर से सरकार बनाने को लेकर पूरी तरह आशान्वित नजर आ रही है।

तेलंगाना में कांग्रेस ने सबसे अधिक मजबूती दिखाई है। 2014 के बाद तेलंगाना में कांग्रेस बहुत कमजोर स्थिति में पहुंच गई थी। मगर इस बार बीआरएस पार्टी के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को कड़ी टक्कर दे रही है। वहां तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि भाजपा व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पार्टी में गुप्त समझौता हुआ बताते हैं। जिसके चलते भाजपा कांग्रेस को हराने के लिए अंदरखाने बीआरएस को चुनाव जितवाने का प्रयास कर रही है। इसी के चलते विधानसभा चुनाव प्रचार में भाजपा की तरफ से पहले जैसी आक्रामकता नजर नहीं आयी।

मिजोरम में कांग्रेस पूरी ताकत से सत्ता में आने का प्रयास कर रही है और कांग्रेस नेताओं के चुनाव प्रचार से लगता है कि वहां कांग्रेस अपनी खोई जमीन को फिर से पा लेगी। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने में अभी समय है। मगर जिस तरह से मतदान हुआ है उसको देखकर लगता है कि आने वाला समय कांग्रेस के लिए शुभ संकेत लेकर आएगा।

-रमेश सर्राफ धमोरा

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि नदी के किनारे कहीं-कहीं विरक्त और ज्ञानपरायण मुनि और संन्यासी निवास करते हैं। सरयूजी के किनारे-किनारे सुंदर तुलसीजी के झुंड के झुंड बहुत से पेड़ मुनियों ने लगा रखे हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

पुर सोभा कछु बरनि न जाई। बाहेर नगर परम रुचिराई॥
देखत पुरी अखिल अघ भागा। बन उपबन बापिका तड़ागा॥

नगर की शोभा तो कुछ कही नहीं जाती। नगर के बाहर भी परम सुंदरता है। श्री अयोध्यापुरी के दर्शन करते ही संपूर्ण पाप भाग जाते हैं। (वहाँ) वन, उपवन, बावलिया और तालाब सुशोभित हैं॥

बापीं तड़ाग अनूप कूप मनोहरायत सोहहीं।
सोपान सुंदर नीर निर्मल देखि सुर मुनि मोहहीं॥
बहु रंग कंज अनेक खग कूजहिं मधुप गुंजारहीं।
आराम रम्य पिकादि खग रव जनु पथिक हंकारहीं॥

अनुपम बावलियाँ, तालाब और मनोहर तथा विशाल कुएँ शोभा दे रहे हैं, जिनकी सुंदर (रत्नों की) सीढ़ियाँ और निर्मल जल देखकर देवता और मुनि तक मोहित हो जाते हैं। (तालाबों में) अनेक रंगों के कमल खिल रहे हैं, अनेकों पक्षी कूज रहे हैं और भौंरे गुंजार कर रहे हैं। (परम) रमणीय बगीचे कोयल आदि पक्षियों की (सुंदर बोली से) मानो राह चलने वालों को बुला रहे हैं।

दो0-रमानाथ जहँ राजा सो पुर बरनि कि जाइ।
अनिमादिक सुख संपदा रहीं अवध सब छाइ॥

स्वयं लक्ष्मीपति भगवान जहाँ राजा हों, उस नगर का कहीं वर्णन किया जा सकता है? अणिमा आदि आठों सिद्धियाँ और समस्त सुख-संपत्तियाँ अयोध्या में छा रही हैं॥

जहँ तहँ नर रघुपति गुन गावहिं। बैठि परसपर इहइ सिखावहिं॥
भजहु प्रनत प्रतिपालक रामहि। सोभा सील रूप गुन धामहि॥

लोग जहाँ-तहाँ श्री रघुनाथजी के गुण गाते हैं और बैठकर एक-दूसरे को यही सीख देते हैं कि शरणागत का पालन करने वाले श्री रामजी को भजो, शोभा, शील, रूप और गुणों के धाम श्री रघुनाथजी को भजो॥

(क्रमशः...)

हर पल नीलाम होती जिंदगी

लगता है आज जिंदगी ठेके पर चली गई है। लेखन से कलाकृतियों तक का सृजन ठेके पर होता है। जिंदगी से प्यार खत्म करवाने का ठेका पहले कुछ लोगों ने ले रखा था। इस पर न जाने कितनी दर्दनाक फिल्में लिखी गईं, न जाने कितनी प्रेम कहानियां बनीं, जिनके प्रेम त्रिकोण में तीसरा कोना खलनायक का होता था। ठेके पर काम करते ये लोग प्रेमी से लेकर रस्मो रिवाज और परम्पराओं की दुहाई देकर शादी तुड़वाने वाले बड़े-बूढ़ों और समाज के मीर मुंशियों का काम कर जाते। रिश्ता टूट जाता। यूं खलनायकों का ठेका व्यवसाय इतना सफल हो गया कि लोगों ने उसकी भयावहता से डर कर अपने बच्चों के नाम इन खलनायकों के नाम पर रखने बंद कर दिए। तब एक तरफ मशहूर खलनायक थे 'प्राण साहिब'। लोगों ने तो एक-दो पीढ़ी तक किसी नवजात बच्चे का नाम प्राण ही नहीं रखा। लेकिन अब जमाना बदल रहा है, साहिब। हमारे समाज के आधुनिक और व्यवसायी होते जाने के साथ-साथ यह ठेका व्यवसाय भी सफेदपोश और साफ-सुथरा हो गया है। अभी देखिए न, अपने देश के किसान कानूनों से कायाकल्प के नाम पर इस देश के मूल नागरिकों धरतीपुत्रों या किसानों की जिंदगी संवारने के लिए किसानों की खेती धनिक घरानों को ठेके पर देने, उनकी फसलों के खरीद ठेके लेने का अधिकार ऊंची अटारियों वालों को दे दिया गया था। वैसे तो इस देश के किसानों की शोषित बहुसंख्या इसी प्रकार सूदखोर महाजनों और धनी जमींदारों के पास ठेके पर, अर्ध बंटाई या खेत में खड़ी फसलों के औने-पौने दाम बिक कर सदियों से किसानों का दुख हरती रही है। लेकिन यह दुख हरा गया या एक शोषित प्रक्रिया के रूप में तबदील हो गया, यह तो केवल भुक्तभोगी ही जानते हैं।

हां, पिछले साल इतना अवश्य हुआ कि इन गरीब अभागे किसानों की जमीन धनियों को ठेके पर देने की वैधानिक मान्यता मिल गई। फसलों को सम्पन्न घरानों में गोदामों के लौह द्वारों के पीछे कैद करने की कानूनी इजाजत मिल गई। किसानों ने अपनी जिंदगी यूं एक साफ-सुथरे ठेके पर उठ जाने का रास्ता खुलते देखा, तो राजधानी की सरहद पर रास्ता बंद कर धरना लगा बैठ गए। उनका साल भर धरना लगा तो ठेके का आह्वान करने वालों की आंखें खुलीं। फिलहाल ठेका और ठेकेदार किसानों की जिंदगी से विदा हुए। अब वे किसी चोर दरवाजे से पुन: प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन ठेके पर जिंदगियां रख उन्हें संवारने के नाम पर बिगाड़ने के न जाने अभी कितने और ठेके खुल गए हैं। शिक्षालयों की ओर जाते हैं, तो वहां शिक्षा परमो धर्म का सूत्र वाक्य अपना चेहरा बिगाड़ ठेके पर उठ गया लगता है। महामारी का फालिज न केवल पुस्तक और अध्यापन- अध्ययन संस्कृति पर गिरा, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था ही जैसे सेवानिवृत्ति झेलने लगी है। गए दिनों में गुरु द्रोण की मूर्ति सजा शिष्य एकलव्य ने शस्त्र साधना की थी। अब तो देश के जीते जागते अध्यापकों को कोई नहीं पूछता। अब तो बरसों उन्हें नाममात्र वेतन पर ठेके पर रह जिंदगी में किसी स्थायित्व को देने की मांग करते हैं, तो उन्हें कच्चे मुलाजिम कह कर अपने बजट से निकाल दिया जाता है। शिक्षालयों के भवन आज भी खड़े हैं, लेकिन लगता है उनसे विद्या और प्रेरणा रूठती जा रही है।



हर लक्ष्य तक पहुंचने के लिए चोर दरवाजों और शार्टकट खुलने लगे हैं। आजकल तप और साधना से पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने की बात कौन करता है। विद्या के गुलाबों की खुशबू की जगह कुकुरमुत्तों ने ले ली है। हथेली पर सरसों जमाने की ठेका विधियां दनदनाने लगी हैं। युग बीत गए जब इन संस्थानों में पक्की भर्ती थी। अब तो यहां दिहाड़ीदार शिक्षा की वहंगी ढोते हैं। शिक्षालय खाली हो रहे हैं। अकादमियां ठेके पर नौकरीवान डिग्रियों, डाक्टर, इंजीनियर या जनसम्पर्क और प्रचारक की डिजिटल संस्थानों के ठेके दिलवाने लगीं। डिग्री प्राप्त करके निकलोगे तो बाहर ठेके पर मिलने वाली नौकरी तुम्हारा इंतजार कर रही होगी, वे कहते हैं।

-सुरेश सेठ

राशिफल

कार्तिक शुक्ल पक्ष-पंचांग | **(विक्रम संवत् 2080)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। तरक्की के योग बन रहे हैं।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)
कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी। संतान को लेकर मन परेशान रहेगा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
खास रिश्तेदार के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। विशेष उत्तरादायित्व के लिए यात्रा की संभावना।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
अच्छा दिन नहीं है, सोच समझकर काम करें। मित्र और मित्रता की परीक्षा में सफल होंगे।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
नए लोगों से भेंट होंगी, जो लाभदायक होगी। संतान की प्रगति से सुख और प्रसन्नता।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
वाणी में मधुरता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। माता का सहयोग मिलेगा।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। किसी नई संपत्ति में निवेश करेंगे।

मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)
मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। लंबी यात्रा के योग बन रहे हैं।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

विकास को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक तेजपाल नागर

लखनऊ (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा दादरी विधानसभा के भाजपा विधायक तेजपाल सिंह नागर ने कल क्षेत्र के विकास को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की बताते चलें कि विधायक तेजपाल सिंह नागर निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील रहते हैं इसी कड़ी में कल उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विकास पर चर्चा की। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक तेजपाल सिंह नागर ने बताया कि क्षेत्र में अभी कई बड़े विकास के काम होने हैं जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से

मुलाकात की गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार विकास को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और आज हमारा प्रदेश विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह के सभी अन्य प्रदेशों को भी मिलना चाहिए।

डीएम दफ्तर पर किया प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में अंसल बिल्डर के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले कल डीएम दफ्तर पर विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब हो की सर्वोत्तम बिल्डर के विरुद्ध रामगढ़ में किसानों के प्रदर्शन में किसानों पर फर्जी केस कर किसानों को जेल भेजा है।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर रूपेश वर्मा ने कहा कि यह बिल्डर सरकार की मिली भगत है और मांग कि किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस हों किसानों की तुरंत रिहाई हो, अन्यथा सभी किसान सरकार को घेरने का काम करेंगे। लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि लोक दल किसानों के साथ हम कोई अन्याय किसानों के साथ नहीं होने देंगे। किसान सभा जिला संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि बिल्डर का लाइसेंस रद्द हो।

किसान सभा के नेता मोहित नागर ने कहा कि किसानों और बिल्डर के बीच 2013 में हुए समझौते को लागू किया जाए। किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने

किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सभा बिल्डर के विरुद्ध लड़ाई में पूरी तरह साथ है। किसान सभा के नेता सतीश यादव, सुशील, निशांत, अजब सिंह नेताजी, निरंकार प्रधान, सुधीर रावल, सुले यादव आदि लोग मौजूद रहे।

जीवनसाथी डॉट कॉम पर ढूंढा था दूल्हा, अब डर के साए में है युवती

नोएडा (चेतना मंच)। सुयोग्य वर से शादी करना हर युवती का सपना होता है इसके लिए परिजन रिश्तेदारों के साथ-साथ सोशल नेटवर्किंग साइट का भी सहारा लेते हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक युवती के लिए जीवनसाथी डॉट कॉम पर दूल्हा तलाश ना इतना खतरनाक साबित हो गया कि अब लड़की और उसका परिवार डर के साए में जी रहा है।

ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन की फॉर्म ओलंपियाड सोसाइटी में रहने वाली रागिनी (काल्पनिक नाम) ने थाना बिसरख में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताएं कि उसने पूर्व में एक मैरिज ब्यूरो जीवनसाथी पर सर्च किया था। इस दौरान उसका गौरव नागर से परिचय हुआ। दोनों एक दूसरे के बारे में जानकारी ली गौरव नागर के बारे में कुछ गलत जानकारियां मिलने पर उसने उससे बातचीत करनी बंद कर दी। बातचीत बंद करने के बाद गौरव नागर ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर उसके बारे में अभद्र टिप्पणियां की। इसके बाद उसने बीते 14 नवंबर को उसके खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया था। रागिनी के मुताबिक 30 नवंबर की रात्रि को उसके घर कुछ युवक पहुंचे और उन्होंने धमकी दी कि अगर गौरव नागर के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट वापस नहीं ली तो पूरे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। धमकी देने के बाद युवक घर से चले गए। उन्होंने जब सोसयटी गार्ड से जानकारी की तो पता चला कि उक्त व्यक्ति गेट से उनके घर तक बिना एंट्री किए हुए आए थे। रागिनी ने गौरव नागर के खिलाफ धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराते हुए युवकों की वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराई है। रागिनी का कहना है की धमकी मिलने के बाद उनका पूरा परिवार डर के साए में जी रहा है।

सड़क हादसों में दो की मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना जेवर क्षेत्र के थोरा गांव के पास आज सुबह बाइक स्लिप होने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम चोरौली निवासी 34 वर्षीय प्रवीण पुत्र हजारीलाल आज सुबह अपनी बाइक से आ रहा था थौरा गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में प्रवीण को गंभीर चोटे आई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल प्रवीण को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक इस हादसे में प्रवीण के सिर में गंभीर चोट आई थी और सर की गंभीर चोट तथा अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत हुई है।

वहीं ग्राम वेन तहसील खैर जनपद अलीगढ़ निवासी अजय तालान ने बोलोरो पिकअप चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चला कर अपने पुत्र की मृत्यु करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। अजय तालान ने बताया कि उनका बेटा प्रिंस घर पर खेलते समय घायल हो गया था। उपचार के लिए उसके पड़ोसी वेद प्रकाश अस्पताल लेकर आ रहे थे रास्ते में चौपल रोड पर तेज गति में आ रहे बोलोरो पिकअप के चालक ने प्रिंस तालान को ले जा रही गाड़ी में टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

जिगरी दोस्त से खाया धोखा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दोस्त पर अंधा विश्वास करना एक युवक को खासा महंगा पड़ा। दोस्त ने विश्वास घात करते हुए मोबाइल फोन लेकर अपने दोस्त के खाते से 470000 ट्रांसफर कर लिए। कई बार कहने पर भी जब आरोपी ने पैसे नहीं लौटाए तो पीड़ित ने उसके खिलाफ थाना दादरी में गबन का मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम घोड़ी बछेड़ा निवासी अशोक रावल ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही रहने वाले शीलू ठाकुर से गहरी दोस्ती थी। दोनों के बीच काफी दोस्ताना और प्यार था एक दिन शीलू ठाकुर ने उसे उसका मोबाइल फोन ले लिया और अपने दो जानकारी के खातों में मोबाइल फोन के जरिए यूपीआई के माध्यम से 470000 ट्रांसफर कर दिए। इस बात की जानकारी मिलने पर जब उसने शीलू ठाकुर से पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि उसने ही पैसे अपने जानकारो के खाते में ट्रांसफर किए हैं। जिन्हें वह जल्द वापस लौटा देगा। उसने कई बार शीलू ठाकुर से पैसे वापस लौटने को कहा लेकिन उसने साफ इनकार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है सर एक लड़की और गायब हुई चाहिए।

पैसे के लेन-देन के चक्कर में दी धमकी

नोएडा (चेतना मंच)।

नोएडा पैसे को लेन देन को लेकर खुशियों को नहीं एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना फेस 3 पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम पृथला खंजरपुर निवासी सुनील यादव ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसने करीब 10 वर्ष पूर्व सुनील से पैसे का लेन देन किया था। 8 वर्ष पूर्व दोनों के बीच पैसों का हिसाब किताब हो गया था। बीते 1 दिसंबर की शाम को सुनील ने उसे फोन कर पैसों के लेनदेन को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी, उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी, पीड़ित का आरोप है कि जब वह इस बात की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने आ रहा था तो सुनील के भाई सुशील राकेश, कमल ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों से अपनी जान का खतरा बताया है।

पडोसन पर भरोसे के चक्कर में गवाये लाखों के जेवर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्टेट पंचशील ग्रीन सोसाइटी में पड़ोसन को अपने फ्लैट की चाबी देना एक महिला को खास भारी पड़ा। पड़ोसन को चाबी देकर अपने पैतृक घर गई महिला के फ्लैट से लाखों रुपए के गहने चोरी हो गए। पीड़ित महिला ने पड़ोसन के खिलाफ थाना बिसरख में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

पंचशील ग्रीन सोसाइटी में रहने वाली दीपिका अर्जुन सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह बीते तीन नवंबर को छठ पूजा का त्यौहार मनाने के लिए अपने घर बिहार जा रही थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली बबीता ने उससे कहा कि छत पर उसके यहां कुछ मेहमान आएंगे इसलिए वह उसे अपने फ्लैट की चाबी दे दे। दीपिका अर्जुन सिंह के मुताबिक उन्होंने उस पर विश्वास करते हुए अपने फ्लैट की चाबी दे दी। बीते 26 नवंबर को जब वह बिहार से वापस आई तो बेडरूम की अलमारी में रखें लाखों रुपए के गहने गायब मिले। उनकी अलमारी से सोने के दो सेट, सोने की चेन पेंडेंट मंगलसूत्र कान के आभूषण अंगूठी जेंट्स चैन अंगूठी आदि गायब मिली। उसने इस संबंध में जब अपनी पड़ोसन बबीता से पूछताछ की तो उसने गहने गायब होने की जानकारी होने से साफ इनकार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

वहीं थाना बीटा दो क्षेत्र के सेक्टर अल्फा दो में रहने वाले निरंजन खरी ने पुलिस से शिकायत की है कि चोर उनके घर से एक लाख रुपए तथा कुछ जेवरात चोरी कर ले गए हैं। थाना प्रभारी का कहना है की शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

नकली नोट खपाने वाले गिरोह पर गैंगेस्टर

नोएडा (चेतना मंच)। नकली नोट बनाकर उन्हें बाजारों में खपाने वाले गिरोह के 7 सदस्यों के खिलाफ थाना सेक्टर 24 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने इस गिरोह के सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से लाखों रुपए के नकली नोट व नकली नोट बनाने की सामग्री बरामद हुई थी।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गैंग लीडर फैज खान उर्फ़ नवाब आदित्य गुप्ता आयुष गुप्ता शिबू खान हरिओम अत्री मोबिन, अरविंद कुमार सिंह उर्फ सिंघानिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए आरोपी नकली नोट चलाने वाले गिरोह के सदस्य हैं। पुलिस ने पूर्व में इन्हें नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था उनके पास से 657500 के नकली नोट बरामद हुए थे।

चमचमाएंगी ग्रेटर नोएडा की सड़कें, प्राधिकरण का सीआरआरआई से हुआ करार

नोएडा (चेतना मंच)। आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा शहर में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने शुक्रवार को केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान दिल्ली का दौरा किया। प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम व एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग के नेतृत्व में परियोजना विभाग की टीम ने सीआरआरआई दिल्ली जाकर आधुनिक तकनीकों का अध्ययन किया। दोनों संस्थानों के बीच इस आशय का एमओयू जल्द साइन होने जा रहा है। इसके साथ ही सीआरआरआई ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने में भी सहयोग करेगा।

आपको बता दें कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई थी, जिसमें सीआरआरआई ने सड़क निर्माण की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी। इन तकनीकों के इस्तेमाल से ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता तथा गुणवत्ता और बढ़ जाएगी। साथ ही वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर

ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने के बारे में भी जानकारी दी। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी वर्क सर्कल को रोड चिन्हित कर वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर मॉडल फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए। इससे पहले सीआरआरआई परिसर में जाकर तकनीकों का अध्ययन करने और एमओयू साइन करने के निर्देष दिए।

इसी क्रम में शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम व एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग तथा परियोजना विभाग के इंजीनियरों की टीम ने सीआरआरआई परिसर जाकर इन तकनीकों का अध्ययन किया। इन तकनीकों का डेमो देखा। एमओयू होने के बाद सीआरआरआई से क्या-क्या सेवाएं मिल सकती हैं, इस पर वहां के अधिकारियों से चर्चा की। प्राधिकरण ने एमओयू का ड्राफ्ट षीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है। गौरतलब है कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इको फ्रेंडली तथा अधिक गुणवत्तापरक सड़कें बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीआरआरआई को सलाहकार एजेंसी के रूप में अपने साथ जोड़ना चाह रहा है। करार हो जाने पर केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा में सड़कों को ईको फ्रेंडली बनाने, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने, सड़कों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई बिंदुओं पर अपनी कंसल्टेंसी देगा।

पृष्ठ एक के शेष....

रायपुर...

बघेल ने नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सट्टेबाजी के अवैध कारोबार से जुड़े प्लेटफॉर्म, वेब, एपीके, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, यूआरएल आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि एक्जिट पोल पर ध्यान मत दीजिए। कांग्रेस भारी बहुमत के साथ फिर सत्ता में आ रही है। कांग्रेस को जो 57 सीटें मिलती दिखाई जा रही हैं, वह रियल रिजल्ट में उलट जाएंगी, यानी 75 हो जाएंगी। चाहे तो आप इसमें पांच सीटें और जोड़ सकते हैं। हम भारी बहुमत से सरकार बनाएंगे। हमें विश्वास है और जनता पर भरोसा है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने कहा है कि 15 सीटों से 46 पहुंचने की कल्पना एक्जिट पोल से साकार होती दिख रही है। भाजपा इतने पर नहीं रुकेगी। 52 से 55 सीटें जीतकर आएगी। एक्जिट पोल में बस्तर और सरगुजा से संबंधित रुझान मतदान के आधार पर नहीं है। कांग्रेस 40 सीट तक भी नहीं पहुंचेगी। हम बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

बेघर होने के कगार...

बेचे गए हैं तथा इसके लिए बैंक से करोड़ों रुपए का ऋण भी लिया गया है। किस्त जमा न होने पर अब बैंक द्वारा उनको नोटिस भेजे जा रहे हैं। अबंटियों ने बताया कि रिकवरी के लिए एडीएम ऑफिस जाने पर पता चला कि करीब 17 अबंटियों से बैंक लोन रिकवरी का मामला उनके यहां पर लंबित पड़ा है। अबंटियों का कहना है कि सुपरनोवा में इतने महंगे फ्लैट लेने के बाद अब पता चला है कि उनके प्लाटों पर करोड़ों का बैंक कर्ज है। यहां पर करीब 75 अबंटी रह रहे हैं अधिकांश अबंटियों को बैंक नोटिस के बाद घर से बेघर होने की चिंता सता रही है।

अबंटियों का कहना है कि जब वे सुपरटेक प्रबंधन के पास इसकी शिकायत लेकर पहुंचे तो उनका कहना था कि चेयरमैन अभी जेल है इसलिए फिलहाल वे किसी भी समस्या के बाबत कुछ भी अभी नहीं बता पाएंगे।

डीएम से शिकायत...

पिंटू का आरोप है कि बीते 28 नवंबर को वह खेत से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में उसे सविता उसके बेटे नीरज और गब्बर, निशा, राहुल, डब्बू व संतोष ने घेर लिया। आरोपियों ने शिकायत को लेकर उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। इस बात का विरोध करने पर सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट की। पिंटू के मुताबिक इस दौरान उसकी पत्नी कमलेश व पिता गिरिराज तथा भांजी शिवानी भी मौके पर पहुंच गए और बीच बचाव करने लगे। आरोपियों ने परिजनों के साथ भी मारपीट की। मारपीट में उसकी भांजी शिवानी के हाथ की हड्डी टूट गई। पीडित ने बताया कि उसने इस घटना की रिपोर्ट थाना रबूपुरा में दर्ज कराई इसके बावजूद भी शराब बेचने वाली महिला व उसके परिजनों के हौसले पस्त नहीं हुए हैं। देर रात सभी लोगों ने उसके घर के बाहर खड़े होकर एक बार फिर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। वही संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

रिलायंस जिओ के...

सेक्टर-120 में लगे टावर से चोरों ने दो बैटरी चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है बता दे की शहर में लगे विभिन्न कंपनियों के मोबाइल टावर से आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं।

झाडियों में छुपाई हुई...

थाना बीटा 2 पुलिस ने बताया कि चोरों के पास से बरामद हीरो होंडा बाइक अंकित कुमार पुत्र रविंद्र पाल निवासी कासना की है, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है। इसके बाद पुलिस ने दोनों बाइक सवारों को हिरासत में ले लिया और गहनता से पूछताछ की।

बदमाशों ने बाइक चोरी करने में अपने एक अन्य साथी सचिन पुत्र सतपाल निवासी ग्राम तहगौरा जनपद बुलंदशहर बताया, जिसे पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया। तीनों बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने ग्राम नट की मढ़ैया के नजदीक गैस गोदाम के पास झाडियों में छिपाकर रखी गई चोरी की 15 बाइक बरामद की है। यह सभी बाइक अलग तारीखों में अलग अलग स्थानों से चोरी की गई थी। पुलिस तीनों बाइक चोरों के खिलाफ आगे की विधिक कार्यवाही कर रही है।

तीन किशोरियों का...

बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपी युवक अवधेश कुमार के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि लापता छात्र व किशोरियों की तलाश की जा रही है। वहीं थाना दादरी क्षेत्र के तुलसी विहार कॉलोनी में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी घर से ब्यूटी पार्लर जाने के की बात कह कर निकली थी इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

सास को पीटकर बहू...

घर से निकलने का दबाव बनती है। इस बात को लेकर वह गुस्से में अत्यंत हिंसक होकर हमला कर देती है। पूर्व में भी कई बार इस तरह की घटनाएं कर चुकी है। मारपीट की घटना करने के बाद पत्नी उनके बेटे को घर से लेकर चली गई स्वतंत्र कुमार जायसवाल ने अपने बच्चे को भी खतरे की आशंका जताई है।

नोएडा की...

बना ली और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जाता है कि यह वायरल वीडियो ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक मूर्ति के पास का है। जागरूक नागरिकों ने गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट की ट्रैफिक पुलिस को यह वीडियो टैग का कार्रवाई की मांग की है। वायरल वीडियो पर कई तरह के कमेंट्स भी सामने आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने पर थाना बिसरख पुलिस इसकी जांच कर रही है।

सशस्त्र सेना झंडा...

औद्योगिक इकाइयों, स्कूल, कॉलेजों एवं समस्त शिक्षण संस्थानों को भी इस कार्यक्रम से अधिक से अधिक जोड़ा जाए और सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक प्रतीक झंडे प्राप्त कर अधिक से अधिक दान किया जाए ताकि भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ धनराशि एकत्र हो सके। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल कपिल कत्याल ने जानकारी देते हुए बताया है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों, औद्योगिक इकाइयों, स्कूल कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थानों को इस संबंध में प्रतीकात्मक झंडे भेजे जा रहे हैं, जिसके सापेक्ष आगामी 31 जनवरी, 2024 तक सभी संबंधित अधिकारीगण दान की धनराशि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के नाम चेक, कैश या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

विशेष रेलगाड़ियाँ-2023

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी :-

05624/05623 कामाख्या – नई दिल्ली – कामाख्या विशेष एक्सप्रेस | 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 05624		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 05623	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	23:00	कामाख्या	03:30	----
12:00	----	नई दिल्ली	----	15:10

चलने के दिन : 05624 कामाख्या से दिनांक 04.12.2023 (सोमवार) को एवं 05623 नई दिल्ली से दिनांक 06.12.2023 (बुधवार) को।

ठहराव: रंगिया, बरपेटा रोड, बंगाई गाँव, कोकराझार, न्यू कोचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं, खगड़िया जं, रूसेरा घाट, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं, सोनपुर जं, छपरा जं, सीवान जं, देवरिया सदर, गोरखपुर जं, गोंडा जं, लखनऊ, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

स्थान: प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकोनॉमी क्लास, 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

05626/05625 कामाख्या – दिल्ली जं. – कामाख्या विशेष एक्सप्रेस | 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 05626		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 05625	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	06:30	कामाख्या	22:45	----
21:45	----	दिल्ली जं.	----	07:35

चलने के दिन : 05626 कामाख्या से दिनांक 09.12.2023 (शनिवार) को एवं 05625 दिल्ली जं. से दिनांक 11.12.2023 (सोमवार) को।

ठहराव: रंगिया, बरपेटारोड, बंगाई गाँव, कोकराझार, न्यू कोचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, अलुआबाड़ी रोड, किशनगंज, बारसोई जंक्शन, कटिहार जं, नवगछिया, मानसी जं, खगड़िया जं, बेगूसराय, न्यू बरौनी जं, बख्तियारपुर जं, पटना जं, दानापुर, आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं, मिर्जापुर, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं, टूण्डला जं, अलीगढ़ जं और गाजियाबाद स्टेशन।

स्थान: प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकोनॉमी क्लास, 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | पर हमें फॉलो करें

पंजाब सरकार ने गन्ने की कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाई

चंडीगढ़ । पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को गन्ने की कीमत में 11 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की और कहा कि 391 रुपये प्रति क्विंटल की नई दर देश में सबसे अधिक है। मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले ही किसानों को आश्वासन दिया था कि उनके लिए अच्छी खबर आने वाली है। मान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 11 रुपये की बढ़ोतरी के साथ नई दर 391 रुपये प्रति क्विंटल होगी, जो देश में सबसे अधिक होगी। किसानों ने हाल ही में गन्ने का दाम 380 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 450 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने धानोवाली गांव के पास जालंधर-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के जालंधर-फगवाड़ा हिस्से को अवरुद्ध कर दिया था। चौथे दिन किसान नेताओं और मुख्यमंत्री मान के बीच हुई बैठक के बाद धरना खत्म किया गया था। मान ने पिछले सप्ताह कहा था कि जहां तक गन्ने की दर बढ़ाने का सवाल है, पंजाब हमेशा आगे रहा है। पड़ोसी राज्य हरियाणा ने पिछले महीने गन्ने की कीमत 14 रुपये बढ़ाकर 386 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की थी।

दिल्ली एनसीआर की हवा फिर जहरीली कई इलाकों में 400 के पार पहुंचा

नई दिल्ली। साल के आखिरी महीने की शुरुआत से ही दिल्ली में हवा जहरीली होती दिखाई दे रही है। इस समय दिल्ली वालों को प्रदूषण के साथ-साथ ठंड की मार भी झेलनी पड़ रही है। शुक्रवार की सुबह 7 बजे के दिल्ली का एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। कई प्रमुख शहरों में भी प्रदूषण का स्तर 300 के पार ही दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर की आबोहवा एक बार फिर जहरीली होती नजर आ रही है। नवंबर की शुरुआत से ही दिल्ली-एनसीआर में सांस लेना दुश्वार हो गया है। पूरे नवंबर दिल्ली और इसके आसपास के इलाके में लोग साफ हवा में सांस लेने को तरस गए हैं। माह दिसंबर के पहले दिन दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। हालांकि, सप्ताह की शुरुआत में प्रदूषण स्तर में गिरावट देखी जा रही थी, जिसके कारण सुधार की उम्मीद थी, लेकिन अब प्रदूषण का स्तर दोबारा बढ़ने लगा है। इस समय दिल्ली वालों को प्रदूषण के साथ-साथ ठंड की मार भी झेलनी पड़ रही है। शुक्रवार की सुबह 7 बजे के दिल्ली का एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। वहीं, दिल्ली के अधिकतर इलाकों में भी एक्यूआई 400 के पार रहा है। दिल्ली के आनंद विहार में शुक्रवार की सुबह 9 बजे एक्यूआई 407, द्वारका सेक्टर-8 में 400, जहांगीरपुरी में 402, लोधी रोड में 349, रोहिणी में 400, वजीरपुर में 423 और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में एक्यूआई 381 दर्ज किया गया है। इसके अलावा, दिल्ली-एनसीआर में भी हवा की हालत काफी खराब बनी हुई है। नोएडा में एक्यूआई 360, ग्रेटर नोएडा में 376, गाजियाबाद में 340, फरीदाबाद में 380 और गुरुग्राम में एक्यूआई 330 दर्ज किया गया है। पिछले चौबीस घंटे के भीतर ही प्रदूषण के सूचकांक में 108 अंकों का इजाफा हुआ है। 18 इलाकों की हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। हवा की गुणवत्ता आंकने का एक सूचकांक है, जिससे यह पता लगाया जाता है कि एक शहर की हवा कितनी प्रदूषित है। एक्यूआई को अलग-अलग स्तर पर बांटा गया है, ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि कहां-कैसी स्थिति है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब, 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

बेंगलुरु के 15 निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

बेंगलुरु । कर्नाटक में बेंगलुरु के 15 निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी शुक्रवार 1 दिसंबर को ई-मेल के द्वारा दी गई। सभी स्कूलों को एक साथ ई-मेल आया, जिसमें दावा किया गया कि स्कूलों के अंदर बम रखे गए हैं। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस से स्कूलों से स्टूडेंट्स को बाहर निकलकर तलाशी शुरू की। मौके पर बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम पहुंची। हालांकि, अभी तक कुछ नहीं मिला है। बेंगलुरु पुलिस ने बताया कि सभी स्कूल शहर के अलग-अलग हिस्सों में हैं। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बम की सूचना पर स्टूडेंट्स के पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों को लेने के लिए आ गए थे। इससे अफरा-तफरी मच गई। सभी छात्रों और स्कूल स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। घबराने वाली कोई बात नहीं है। पुलिस ने बताया कि पिछले साल बेंगलुरु के सात स्कूलों को इस तरह बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, लेकिन यह सिर्फ अफवाह निकली। घटना की सूचना के बाद कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार एक स्कूल पहुंचे और हालात का जायजा लिया। डिप्टी सीएम ने कहा, मैंने स्कूल में बम की खबर टीवी पर देखी तब घबरा गया। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें कुछ मेरे घर के पास हैं। पुलिस ने मुझे ई-मेल दिखाया है। यह फर्जी लग रहा है। हम 24 घंटे में उन्हें पकड़ने की तैयारी में जुट गए हैं। साइबर क्राइम पुलिस सक्रिय है, वे अपना काम कर रहे हैं। मैंने पुलिस से बात की, लेकिन हमें सतर्क रहना चाहिए।

2 हजार के करीब 97 फीसद नोट वापस आए

नई दिल्ली। आरबीआई ने बताया है कि 19 मई 2023 तक जितने 2000 के नोट सर्कुलेशन में थे उसमें से 97.26 फीसदी बैंकिंग सिस्टम में वापस आ गए हैं। 19 मई तक 3.56 लाख करोड़ की वैल्यू के 2000 वाले नोट सर्कुलेशन में थे। 30 नवंबर 2020 तक केवल 9,760 करोड़ की वैल्यू के 2000 वाले नोट सर्कुलेशन में रह गए हैं। आरबीआई ने यह बात कही है। आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये के नोट को सर्कुलेशन से बाहर कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने इसके पीछे क्लीन नोट पॉलिसी का हवाल दिया था। हालांकि, 2000 के नोट को अमान्य नहीं किया गया था। इसके बाद करीब 4 महीने का समय 2000 के नोट वापस करने या बदलवाने के लिए दिया गया था। पहले अंतिम तारीख 30 सितंबर रखी गई। बाद में बढ़कर 7 अक्टूबर किया गया। तब तक नोट किसी भी बैंक या आरबीआई के 19 इश्यू ऑफिस में बदले जा सकते थे। अब 2000 रुपये के नोट आप आरबीआई के 19 इश्यू ऑफिस के जरिए भेज सकते हैं। इसके अलावा आप इंडिया पोस्ट के जरिए भी नोट को आरबीआई के ऑफिस भेज सकते हैं। ऐसा करते समय इस बात का ध्यान रखें कि प्रक्रिया पूरी तरह सही हो और वैलिड पहचान पत्र के साथ होना चाहिए। पहचान पत्र में पैन कार्ड, आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस मान्य हैं। नोट जमा करने के बाद उतनी वैल्यू आपके अकाउंट में दिखने लगेगी।

जलवायु परिवर्तन पर भारत अपनी विस्तारित निधि पर रहेगा कायम

नई दिल्ली। जलवायू परिवर्तन के मामले में भारत की अपनी नीति है, उसको कायम रखने के लिए सरकार ने हमेशा ही अपना पक्ष मजबूती से रखा है। जलवायु परिवर्तन के लिए विकासशील देशों को मुआवजा देने के लिए भारत एक विस्तारित निधि पर दे जोर दे सकता है। वार्षिक जलवायु शिखर सम्मेलन 30 नवंबर को शुरू होगा और 12 दिसंबर, 2023 को समाप्त होगा। ऊर्जा परिवर्तन को तेज़ करने और उत्सर्जन में कटौती करने के उद्देश्य से 70,हजार से अधिक प्रतिनिधियों के सीओपी 28 में भाग लेने की उम्मीद है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। पिछले साल सीओपी 27 में, प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन प्रभावों से पीड़ित विकासशील देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पार्टियों द्वारा हानि और क्षति कोष पर सहमति व्यक्त की गई थी। हानि और क्षति कोष एक प्रकार का क्षतिपूर्ति पैकेज है जहां अमीर देशों को विकासशील देशों को नुकसान की लागत का भुगतान करना पड़ता है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। वैश्विक हानि और क्षति निधि (हानि और क्षति निधि) का संचालन सीओपी 28 में एक प्रमुख फोकस होगा, जिसमें पात्रता आवश्यकताओं, धन स्रोतों, निधि के दायरे और क्या विश्व बैंक अंतरिम ट्रस्टी और मेजबान के रूप में काम करेगा पर विचार शामिल है। संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारी ने को बताया कि शुरुआती चार साल की अवधि के लिए यह फंड दिया जाएगा। एक विकासशील देश होने के नाते, सीओपी 28 शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण बनी हुई है। भारत ग्रीनहाउस गैसों के शीर्ष उत्सर्जकों में से एक है और यहां दुनिया की सबसे बड़ी आबादी भी रहती है। तीन साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री मोदी वार्षिक जलवायु सम्मेलन में शामिल होंगे. सरकारी अधिकारियों के अनुसार, आगामी सीओपी 28 को भारत के लिए अपनी जी 20 उपलब्धियों को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में देखा जा रहा है।

तेलंगाना चुनाव में व्यस्त रहा और आंध्र प्रदेश नें बांध पर कर लिया कब्जा



हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना से एक चौंकाने वाली खबर आई है। खबर पानी चोरी की है। ये चोरी भी किसी पेशेवार चोर ने नहीं की है। बल्कि एक सरकार पर ही इस तरह के आरोप लग रहे हैं। आंध्र प्रदेश सरकार पर आरोप है कि उसने पहले से पानी चोरी की तैयारी कर ली थी। इधर तेलंगाना में चुनाव होंगे ओर आंध्रप्रदेश सरकार बांध का पानी अपनी तरफ मोड़ लेगी। यहां का प्रशासन चुनाव में इस कदर व्यस्त हो गया कि राज्य में कहां क्या चल रहा है इसकी किसी को कोई भनक ही नहीं लगी। कृष्णा नदी पर बने नागार्जुन सागर बांध के आधे हिस्से को आंध्र प्रदेश ने अपने कंट्रोल में ले लिया और पानी अपनी ओर मोड लिया। मालूम हो कि साल 2014 से ही तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच बांध को लेकर विवाद चला आ रहा है जब ये दोनों राज्य अलग हुए थे। दोनों राज्यों के अलग होने के बाद से ही पानी को लेकर विवाद होता रहा है और उसका कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला गया है।

तेलंगाना की के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) सरकार ने इसे लेकर कृष्णा रिवर मैनेजमेंट बोर्ड से शिकायत की है। इसमें आंध्र प्रदेश की वायएसआरसीपी सरकार की ओर से बांध पर कब्जा जमाने और कुछ हिस्सों पर बैरिकेड लगाने का आरोप है। केआरएमबी ही दोनों राज्यों के बीच पानी का बंटवारा करता है। आंध्र प्रदेश पुलिस के करीब 400 जवान राज्य सिंचाई अधिकारियों के साथ गुरुवार को रात 1 बजे तक बांध के पास मौजूद रहे। इस तरह चुनावी राज्य तेलंगाना की पुलिस को हैरत में डालते हुए उन्होंने बांध के 36 गेट्स में से आधे पर कंट्रोल स्थापित कर लिया। जब तेलंगाना के अधिकारी और कुछ पुलिसकर्मी नालगोंडा में बांध के पास पहुंचे तो इसे लेकर आंध्र प्रदेश के पुलिसकर्मियों के साथ उनकी बहस होने लगी। इस पर एपी अधिकारियों ने तर्क दिया कि वे लोग अपनी सरकार से मिले आदेश का पालन कर रहे हैं। इस तरह की बातें सुनकर तेलंगाना के अधिकारी वापस लौट गए।

रिपोर्ट के मुताबिक तेलंगाना के अधिकारियों ने बताया कि आंध्र प्रदेश की ओर से इस तरह की हरकत 3 साल पहले भी की गई थी जिसे नाकाम कर दिया गया। सीएम केसीआर की ऑफिस के सीनियर अधिकारी ने बताया, हमें जानकारी मिली है कि आंध्र प्रदेश सरकार 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ रही है। रेगुलेटर गेट्स के लिए उन्होंने अलग से पावर लाइन की व्यवस्था की है। इससे साफ पता चलता है कि आंध्र प्रदेश सरकार बीते कई हफ्तों से इसकी तैयारी कर रही थी। उन लोगों ने सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ डाले हैं।

भाजपा सबसे धनी पार्टी... वित्तीय वर्ष 2022-23 में मिला 720 करोड़ का चंदा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनावों के दौरान काफी अच्छा चंदा मिला है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनियों, चुनाव ट्रस्ट, व्यक्ति और सांसदों पर जमकर और दिल खोलकर दान मिला है। भाजपा को कुल मिलाकर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 720 करोड़ रुपये का चंदा मिला। भाजपा को इसके पहले वर्ष 2020-21 में 477 करोड़ रुपये का चंदा मिला था, जिसमें हर वर्ष बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इस वर्ष अक्टूबर के महीने में ही निर्वाचन आयोग में चंदा रिपोर्ट को दाखिल किया गया है। निर्वाचन आयोग ने चंदा रिपोर्ट को सार्वजनिक किया है। इस सार्वजनिक हुई रिपोर्ट के बाद सामने आया है कि सत्तारुढ़ दल भाजपा को साल 2022-23 के दौरान 719.83 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। इस हिसाब से भाजपा ही देश की सबसे धनी पार्टी बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारती एंटरप्राइजेज समर्थित 'प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट' ने 254.75 करोड़ रुपये का चंदा दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रस्ट द्वारा चंदा कई किस्तों में दिया गया। राजनीतिक दलों को हर साल एक वित्तीय वर्ष में 20,000 रुपये से अधिक का चंदा देने वालों का विवरण निर्वाचन आयोग को जमा करना होता है। बता दें कि चुनाव कानून प्रावधानों के मुताबिक 20 हजार रुपये से अधिक खर्च करने की अनुमति वाले चुनाव के लिए मिले चंदे की रिपोर्ट चुनाव आयोग को दाखिल करनी होती है। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद से पार्टी के चंदे में इजाफा हुआ है। पार्टी उसके बाद से लगातार शीर्ष पर काबिज है।

आरएसएस पर राहुल गांधी का फिर से वार,

बताया पुरुषों का संगठन, बोले- महिलाओं को कभी नहीं दिया मौका

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी को अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए और अगले 10 वर्षों के भीतर 50 प्रतिशत महिलाओं को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। केरल महिला कांग्रेस के सम्मेलन %उत्साह% का उद्घाटन करते हुए वायनाड सांसद ने कहा कि उनकी पार्टी में कई महिला नेता हैं जिनमें मुख्यमंत्री बनने के लिए आवश्यक गुण हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस की महिलाओं से भरा यह हॉल देखकर मुझे काफी खुशी हो रही है। दिक्कत बस यही है कि मंच पर सिर्फ पुरुषों का ही बोलबाला है। लेकिन अब हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस पार्टी के हर स्तर पर महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो।

निशाने पर भाजपा

राहुल ने कहा कि यह पहली बार है जब मैंने संसद में कोई विधेयक पारित होते देखा है जिसे एक दशक बाद लागू किया जाएगा। भाजपा जिस एकमात्र विधेयक को पारित होने के 10 साल बाद लागू कर रही है, वह महिला शक्ति से संबंधित है। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य लड़ाई यह है कि महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की तस्वीरों में आप महात्मा गांधी जी को हमेशा महिलाओं के साथ खड़े देखेंगे। आजादी की लड़ाई में महिलाएं सबसे आगे थीं।

आरएसएस पर वार

पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि कांग्रेस में कई महिला अध्यक्ष रहीं। महिलाओं को सत्ता संरचना का हिस्सा होना चाहिए। आरएसएस के इतिहास में, इसने कभी भी महिलाओं को अपने खेमे में आने की अनुमति नहीं दी है। आरएसएस में महिलाओं को सत्ता में हिस्सेदारी की इजाजत नहीं। उन्होंने कहा कि हम मूलतः महिलाओं को सत्ता संरचना में लाना चाहते हैं। हमारी अधिकांश योजनाएं महिलाओं की सहायता के लिए बनाई गई हैं।

मोहब्बत की दुकान

कांग्रेस नेता ने कहा कि आज के राजनीतिक माहौल में, जो नफरत और हिंसा से भरा हुआ है, महिलाएं सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। यह महत्वपूर्ण है कि महिला कांग्रेस हमारे विपक्ष द्वारा प्रचारित नफरत और हिंसा के माहौल से लड़े। मैं उन लाखों कांग्रेस महिलाओं को धन्यवाद देता हूं जो हर दिन हमारी विचारधारा के लिए लड़ती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी होने का क्या मतलब है? हम दूसरों से कैसे भिन्न हैं? जवाब में उन्होंने कहा कि हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं।

3 दिसंबर को आने वाले चक्रवाती तूफान ने बढ़ाई चिंता, कई राज्यों में होगी बारिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि 3 दिसंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान आने की संभावना है। हालांकि, इसका असर ओडिशा तक जाने की संभावना नहीं है। आईएमडी ने कहा है कि संभावित चक्रवात के प्रभाव का आकलन शुक्रवार को समुद्र में दबाव बनने के बाद ही किया जा सकता है। आईएमडी वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने कहा कि संभावित चक्रवात के मार्ग और अन्य मापदंडों का अनुमान अवसाद के गठन के बाद ही लगाया जा सकता है। इसलिए हमने ओडिशा या तट पर किसी अन्य स्थान पर प्रभाव के बारे में कुछ नहीं बताया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगले चार दिनों तक ओडिशा तट के लिए कोई चेतावनी नहीं है। उन्होंने कहा कि ओडिशा तट के लिए मछुआरों के लिए भी कोई चेतावनी नहीं है। 2 दिसंबर की सुबह से 50-60 किमी प्रति घंटे से लेकर 70 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवा चलने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि इसकी शुरुआत शुक्रवार को ही हो जाएगी।

आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन में कहा कि दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित हो गया है। मौसम एजेंसी ने कहा कि इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान बंगाल की दक्षिण-पूर्व खाड़ी के ऊपर एक दबाव में तब्दील होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए यह धीरे-धीरे तीन दिसंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और उत्तरी तमिलनाडु और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों तक पहुंचेगा। 4 दिसंबर की सुबह के आसपास एक चक्रवाती तूफान के रूप में बदल जाएगा।

अंजू के लौटते ही पंजाब पुलिस और आईबी ने की लंबी पूछताछ

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान की रहने वाली अंजू 4 महीने बाद भारत लौट आई हैं। अंजू के लौटते ही अमृतसर में पंजाब पुलिस और आईबी ने लंबी पूछताछ की। अंजू ने उन्हें भारत लौटने का मकसद बताया। इसके बाद अंजू अमृतसर से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां से अपने पिता के घर ग्वालियर के लिए रवाना होंगी।

दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही अंजू ने कहा कि मैं सभी सवालों के जवाब दूंगी। लेकिन अभी नहीं। लेकिन अंजू ने आईबी और पंजाब पुलिस को घर वापसी की वजह बता दी है। बताया कि वहां यहां अपने पहले पति अरविंद से तलाक लेंगी। फिर बच्चों को भी पाकिस्तान ले जाने की कोशिश करेंगी। फिलहाल अंजू दिल्ली में हैं। यहां से ग्वालियर के लिए रवाना होंगी। भारत पहुंचते ही अंजू ने मीडिया के सामने पाकिस्तान की जमकर तारीफ की। अंजू ने कहा कि वहां की मेहमाननवाजी बहुत अच्छी रही। भारत लौटकर भी काफी खुश हूं।

पंजाब पुलिस और आईबी में अंजू ने खुलासा किया कि वह 21 जुलाई 2023 को पाकिस्तान गई थीं। बताया कि वहां नसरुल्लाह से उन्होंने निकाह कर लिया। लेकिन शादी से संबंधित कोई भी दस्तावेज अंजू पुलिस को दिखा नहीं सकी। इसके साथ अंजू ने पाकिस्तानी रक्षाकर्मियों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इंकार किया। अंत में उन्होंने कहा कि वह अपने भारतीय पति से तलाक लेने के बाद अपने बच्चों को पाक ले जाने की कोशिश करेंगी। उधर इस बारे में जब अंजू के पति अरविंद से बात करने की कोशिश की गई वहां अंजू का नाम सुनते ही भड़क गए। उन्होंने दो टूक कहा कि मुझे उसके बारे में कुछ नहीं पता। बता दें कि अंजू राजस्थान के भिवाड़ी में अपने पति अरविंद और दो बच्चों के साथ रहती थी। वह टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान घूमने गई थी, लेकिन बाद में पता चला कि वह खैबर पख्तूनख्वा में रहने वाले नसरुल्लाह से मिलने पहुंच गई है।

सपा पर बरसे सीएम योगी , गलत तथ्य पेश करने का लगाया आरोप, बोले- यूपी के प्रति लोगों की बदली धारणा

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि डबल इंजन सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य के प्रति धारणा बदल गई है और आज लोग यूपी को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। मुख्यमंत्री ने यह बयान विधानसभा को संबोधित करते हुए दिया। अपने बयान में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार और पीएम मोदी के मार्गदर्शन में मैं एक आम आदमी और एक जनप्रतिनिधि के तौर पर यह कह सकता हूं कि राज्य के प्रति धारणा बदल गई है। आज लोग यूपी की ओर सम्मान की दृष्टि से देखते हैं।

सपा पर वार

सीएम योगी ने पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी (समाजवादी पार्टी) सरकार विधानसभा में गलत तथ्य पेश करती थी और लोग उनके कुकर्मों को नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 4 बार सपा की सरकार रही। आज उत्तर प्रदेश के प्रति लोगों का नजरिया बदल गया है। ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि हमारा यूपी आगे बढ़ेगा, आर्थिक प्रगति करेगा तो विपक्षियों को भी खुश होना चाहिए।

योगी ने कहा कि 2016-17 में यूपी की जीएसडीपी करीब 13 लाख करोड़ रुपये थी। आज 2023-24 में ये करीब 24.5 लाख करोड़ रुपये है। राज्य का बजट बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि कुल में से देश की 16 फीसदी आबादी राज्य में रहती है। 2017 के बाद से औसत बजट दोगुना हो गया है। हम इस बजट के साथ राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

अखिलेश पर तंज

योगी आदित्यनाथ ने विवेकाधीन कोष से जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता देने में कोई भेदभाव नहीं करने का दावा करते हुए कहा कि उनकी सरकार द्वारा समय पर उठाए गए कदमों के कारण राज्य में डेंगू नियंत्रण में है। सदन में समाजवादी पार्टी (सपा) और विपक्ष के नेता अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर तंज करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि उन्हें एमबीबीएस की डिग्री मिल गई है। यादव ने प्रदेश के अस्पतालों में उपचार के पर्याप्त बंदोबस्त नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी वजह से राज्य में अनेक लोगों की मौत हुई है।

खालिस्तानी पन्नू के चक्कर में भारत से पंगा नहीं लेगा अमेरिका

नई दिल्ली (एजेंसी)। खालिस्तान का समर्थन करने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश का मामला शांत नहीं हो रहा है। बात इतनी बिगड़ी कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में खटास की संभावना जताई जाने लगी। इस मामले में बीते रोज भारत की तरफ से भी बड़ी सधी हुई प्रतिक्रिया आई थी। जिसमें कहा गया था कि अमेरिका ने पन्नू की हत्या के मामले में रची गई साजिश में भारत सरकार का कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है। आज अमेरिका ने भी स्पष्ट कर दिया कि वो भारत से किसी भी सूरत में अपने संबंध खराब नहीं करेगा। मतलब साफ है कि एक खालिस्तानी पन्नू के लिए भारत के डेढ सौ करोड़ लोगों से अमेरिका पंगा नहीं लेगा। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों के बीच अमेरिका ने भारत के साथ मजबूत रिश्ते बरकार रखने पर जोर दिया है। हाल ही में वाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि अमेरिका, भारत का रणनीतिक साझेदार बना रहेगा।

खास बात है कि अमेरिका ने एक भारतीय निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप लगाए थे। वाइट हाउस के अधिकारी जॉन किर्बी ने कहा, हम आरोपों और जांच को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। हम इस बात की खुशी है कि इस मामले की जांच में अपनी तरफ से प्रयास की घोषणा कर भारतीय भी (इसे गंभीरता से ले रहे हैं)। हमारा मत साफ है कि इन कथित आरोपों में शामिल व्यक्ति को हम उचित तरीके से जवाबदेह ठहराया जाए।

खबरों के अनुसार, अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने एक भारतीय नागरिक पर एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। दक्षिणी न्यूयॉर्क जिले के अमेरिकी अटॉर्नी मैथ्यू जी. ऑलसेन ने कहा कि निखिल गुप्ता (52) के खिलाफ हत्या के लिए सुपारी देने का आरोप लगाया गया है, जिसमें अधिकतम 10 साल जेल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि साथ ही गुप्ता पर सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है जिसमें भी अधिकतम 10 साल जेल की सजा का प्रावधान है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि गुप्ता ने न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले सिख अलगाववादी नेता की हत्या के लिए हत्यारे को एक लाख अमेरिकी डॉलर देने की बात स्वीकार कर ली थी। आरोपों के अनुसार, नौ जून 2023 या उसके आसपास गुप्ता ने हत्या के लिए सुपारी दी थी, जिसके अग्रिम भुगतान के रूप में उन्होंने न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में हत्यारे को 15 हजार अमेरिकी डॉलर नकद देने के लिए एक सहयोगी की भी व्यवस्था की थी।

आरोप हैं कि गुप्ता कथित तौर पर भारत सरकार के एक अधिकारी के साथ काम करता था। हालांकि, उस अधिकारी का नाम अब तक सामने नहीं आया है। इस पर भारत ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है और चिंता का विषय बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जहां तक अमेरिकी कोर्ट में एक व्यक्ति के खिलाफ केस की बात है, जहां उसे कथित तौर पर भारतीय अधिकारी से जोड़ा गया है, यह चिंता की बात है। साथ ही उन्होंने इसे भारत

सरकार की नीतियों के विपरीत बताया है। इसके अलावा भारत आरोपों की जांच के लिए टीम भी गठित कर चुका है। मंत्रालय ने पहले बताया था कि जांच समिति से मिलने वाली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकती है आईपीएल मीडिया अधिकारों की कीमत

बेंगलुरु (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अध्यक्ष अरूण धूमल का मानना है कि अगर खेल प्रेमियों की दिलचस्पी को ध्यान में रखते हुए लीग में नयापन और सुधार होता रहे तो इसके मीडिया अधिकारों की कीमत अगले दो दशक में 50 अरब डॉलर (50 बिलियन) तक पहुंच सकती है। इस समय आईपीएल के पांच साल के लिए मीडिया अधिकारों की कीमत करीब 48000 करोड़ रूपये (6.2 बिलियन डॉलर) है।

इस तरह कीमत के हिसाब से नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के बाद आईपीएल दूसरे नंबर की लीग है। एनएफएल ने पिछले साल 11 वर्ष के लिए 110 बिलियन डॉलर की कीमत का करार किया है। धूमल ने यहां 'आरसीबी इनोवेशन लैब्स' के 'लीडर्स मीट इंडिया' कार्यक्रम में कहा, 'अगर मुझे देखना है कि यह पिछले 15 साल में कैसा रहा और आगे यह कैसा होगा तो हमें आईपीएल के मीडिया अधिकारों के करीब 2043 तक 50 बिलियन डॉलर (50 अरब डॉलर) के करीब पहुंचने की उम्मीद है।'

धूमल भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई(के कोषाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शुरूआत और क्रिकेट के 2028 लास एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किये जाने से भी वित्तीय लाभ की उम्मीद जतायी। धूमल ने कहा, 'हमें नयापन लाते रहने की जरूरत है, खेल प्रेमियों की भागीदारी के मामले में बेहतर करते रहने की जरूरत है और मैच के स्तर के मामले में इन्हें बेहतर करते रहने की जरूरत है।'

उन्होंने कहा, 'अब क्रिकेट ओलंपिक का भी हिस्सा बन रहा है और महिलाओं के क्रिकेट में डब्ल्यूपीएल भी इसे अलग स्तर पर ले जा रहा है तो मुझे काफी उम्मीदें हैं।% पिछले डेढ़ दशक में आईपीएल के मीडिया अधिकारों की कीमत काफी तेजी से बढ़ी है जो 2008 में 6000 करोड़ रूपए थी। इससे यह दुनिया भर की कई बड़ी खेल लीगों को पछाड़ती जा रही है। धूमल ने आईपीएल की बढ़ती लोकप्रियता के बारे में बात करते हुए कहा, 'आईपीएल दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली क्रिकेट लीग है। व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि स्वतंत्रता के बाद देखें तो आईपीएल 'मेक इन ब्रांड' का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।'

दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग ने एबी डिविलियर्स को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

जोहानिसबर्ग (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका की प्रीमियर टी20 क्रिकेट लीग एसएटी20 ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स को दूसरे सत्र के लिये आधिकारिक ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। लीग का दूसरा सत्र 10 जनवरी से शुरू होगा जिसमें चार सप्ताह के भीतर 34 मैच खेले जाएंगे। इसमें छह वैश्विक टीमों के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे।

डिविलियर्स लीग की प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि इसके प्रशंसकों का दायरा बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा, 'एसए टी20 से जुड़ना फख्र की बात है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट की इस अग्रणी लीग में वैश्विक क्रिकेट मानचित्र पर चमकने का माद्दा है।'

डिविलियर्स के जुड़ने के बारे में बेटवे एसए टी20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा, 'एबी की अपार क्रिकेट प्रतिभा और दमदार शख्सियत उन्हें इस लीग के लिए परफेक्ट बनाती है। उनके जुड़ने से लीग का दर्जा मैदान के भीतर और बाहर बढ़ेगा।'

पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की महिला टीम घोषित

वेलिंगटन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अगले माह घरेलू मैदान पर होने वाली श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला में तीन टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच सफेद गेंद से खेलने और यह बांग्लादेश में अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप से पहले अनुभव प्रदान करेगा। कप्तान सोफी डिवाइन एक बार फिर पूरी श्रृंखला में न्यूजीलैंड की टीम कप्तान होगी।

रिपोर्ट के अनुसार केर हालांकि तीन दिसंबर को डुनेडिन में श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगी क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू डब्ल्यूबीबीएल प्रतियोगिता के फाइनल में भाग लेंगी। न्यूजीलैंड के कोच बेन सॉयर को उम्मीद है कि यह श्रृंखला 2024 टी-20 विश्वकप की शुरुआत से पहले उनकी टीम को अपने कौशल को निखारने का अच्छा मौका है।

सॉयर ने कहा, 'हम द्विपक्षीय श्रृंखला में हाल के अच्छे फॉर्म के आधार पर टीम चाहते हैं, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले वर्ष बांग्लादेश में टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखकर संयोजन विकसित करना जारी रखना है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय परिप्रेक्ष्य के साथ ही साथ अपने गेम प्लान को विकसित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि हम जितना संभव हो उतने विश्व चैम्पियनशिप अंक प्राप्त करें। उन्होंने कहा, 'उनके पास एक मजबूत स्पिन आक्रमण और एक खतरनाक शीर्ष क्रम है जो उनके विकेट को बहुत महत्व देता है, जिससे उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है।

न्यूजीलैंड टीम -सोफी डिवाइन (कप्तान), केट एंडरसन, सुजी बेट्स, बर्नाडाइन बेजुइडेनहौट, एडेन कार्सन (केवल टी-20ई), इजी गेज (एकदिवसीय और पहला टी-20), मैडी ग्रीन, फ्रान जोनास, मेली केर, जेस केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू।

रहाणे और पुजारा के बिना द.अफ्रीका के खिलाफ उतारेगी टीम इंडिया

-श्रेयस अय्यर की टेस्ट टीम में वापसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका में बीते साल टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज गंवा दी थी। इस बार ऐसा न हो इसकारण बीसीसीआई ने मजबूत टीम चुनी है। इसमें जहां श्रेयस अय्यर की टेस्ट टीम में वापसी हुई है वहीं, अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को टीम में न चुनकर सभी को चौका दिया है। रहाणे ने बीती जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेल थे।

टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका में तीन टी20ई और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलने हैं। इसके बाद 26 दिसंबर और 3 जनवरी को सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में दो टेस्ट खेलने हैं। चयनकर्ताओं ने टीम इंडिया का पूरा मेकओवर किया है। टेस्ट के लिए अनुभवी लोग भेजे हैं जिनका मकसद दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम को पहली टेस्ट सीरीज जीत दिलाना होगा।

2010 टेस्ट सीरीज के बाद ऐसा पहली बार होगा जब टेस्ट टीम बिना चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे के मैदान पर उतरेगी। इन्हें न चुने जाने पर टीम इंडिया के मध्यक्रम में बदलाव की पूरी संभावना है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कैरेबियन में हुए दो मुकाबलों में प्रभावित किया था, इसके बाद भारत द्वारा उन्हें बेंच पर नहीं बिठाएगा। वह रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग पर जोड़ी बना सकते हैं, जबकि शुभमन गिल को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने की उम्मीद है। विराट कोहली को नंबर 4 पर रखा गया है। नंबर 5 पर श्रेयस अय्यर, फिर ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा और विकेटकीपर इशान किशन शामिल हैं।

टेस्ट टीम से कुलदीप यादव को फिर नजरअंदाज कर दिया गया है। आर अश्विन और जडेजा के मिश्रण और सीमर्स के लिए अनुकूल परिस्थितियों के साथ, चयनकर्ताओं ने उसी के अनुसार टीम चुनी है। पेस यूनिट में 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के बाद पहली बार जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी एक साथ आएगी।

शुभमन को कप्तानी मिलने पर डिविलियर्स ने खड़े किए सवाल

नई दिल्ली । आईपीएल के 17वें सीजन में गुजरात टाइटंस टीम की कप्तानी भारतीय क्रिकेट टीम के उदीयमान ओपनर शुभमन गिल करेंगे । वहीं गिल की नियुक्ति के साथ ही दिग्गज खिलाडी ने सवाल भी खडे कर दिए है। गिल को कप्तान बनाए जाने पर दिग्गज क्रिकेटर एबी डिविलियर्स खुश नहीं हैं। डिविलियर्स का कहना है कि गिल की जगह यदि इस सीनियर खिलाड़ी को कप्तान बनाया जाता तो अच्छा होता। गुजरात टाइटंस को आईपीएल में आए अभी 2 साल हुए हैं। दोनों साल टीम की कमान हार्दिक पंड्या ने संभाली थी। पंड्या ने कप्तानी में डेब्यू करते हुए पहले सीजन में ही गुजरात को चैंपियन बनाया था। हार्दिक पंड्या अब ट्रेड के तहत मुंबई इंडियंस लौट गए हैं जहां वह इससे पहले कई साल बिता चुके हैं। पंड्या के मुंबई जाने के बाद गुजरात टाइटंस में कप्तानी के कई विकल्प थे। गुजरात ने केन विलियम्सन और राशिद खान को आईपीएल के आगामी सीजन के लिए रीटेन किया है। लेकिन फ्रेंचाइजी ने टीम की कमान गिल के हाथों में सौंपी है। कई दिग्गजों का कहना है कि गिल को जल्दी कप्तान बनाया जाना फ्रेंचाइजी की ओर से अच्छा फैसला है लेकिन कई ऐसे भी हैं जिन्होंने इसपर सवाल उठाए हैं। साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स का मनना है कि गिल को फ्रेंचाइजी ने जल्दी कप्तान बना दिया है और उन्हें इस युवा को कुछ और दिन तक बतौर खिलाड़ी खेलते रहना चाहिए था। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ' गिल यदि किसी और की कप्तानी में खेलते तो वह काफी कुछ उससे सीखते। जब केन विलियम्सन को रीटेन किया गया तो मुझे लगा कि यह बेहतरीन मौका है कि किसी अनुभवी खिलाड़ी को कप्तानी दी जाए। शुभमन गिल को इंडियन क्रिकेट टीम में तीनों फॉर्मेट में अपनी जगह पक्की करने का मौका मिलता और एक और आईपीएल सीजन में बेहतर करने का मौका होता।' शुभमन गिल ने आईपीएल 2023 में 890 रन बनाकर ऑरेंज कैप पर कब्जा किया था। इस साल वह इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। बकौल डिविलियर्स, ' उन्होंने (गुजरात टाइटंस) ने उन्हें कप्तान बना दिया। मैं यह नहीं कह रहा कि यह गलत है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं यदि वह एक साल केन विलियम्सन की कप्तानी में खेलते तो उन्हें सीखने को काफी कुछ मिलता और उन्हें 2025 में टीम का कप्तान बना देते।' गिल पहली बार आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करेंगे। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि कप्तान का बोझ वह झेल पाते हैं या नहीं। बता दें कि हार्दिक पंड्या की 'घर वापसी' के बाद गुजरात टाइटंस ने टीम इंडिया के 'प्रिंस' को अपना नया कप्तान नियुक्त किया है। गिल के लिए आईपीएल का पिछला सीजन धमाकेदार रहा था। उन्होंने सर्वाधिक रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने पास रखी थी।

हिटमैन रोहित ने बनाया ऐसा रिकॉर्ड उस तोड़ पाना दूर की कौड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज रोहित शर्मा ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, इस रिकॉर्ड तोड़ना दुनिया के किसी भी बैटर के लिए बेहद मुश्किल होगा। वर्ल्डकप 2023 के 11 मैचों में 54.27 के औसत से 597 रन बनाने वाले रोहित दुनिया के इकलौते एकमात्र बैटर हैं जिसने वनडे इंटरेनशनल में 10 कैलेंडर ईयर में 50 प्लस का बैटिंग औसत दर्ज किया है। वर्ष 2023 की बात करें, तब रोहित ने 27 वनडे में अब तक 52.29 के औसत से 1255 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक हैं। चूंकि अगले माह दिसंबर में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में रोहित शर्मा का नाम शामिल नहीं हैं, इसके बाद तय है कि रोहित 52.29 के वनडे औसत से साथ ही वर्ष 2023 का समापन कर सकते हैं।

रोहित की बात करें तब वे वर्ष 2011, 2013,2014, 2015, 2016, 2017,2018, 2019, 2020 और 2023 में वनडे इंटरनेशनल में 50 रन या इससे अधिक का औसत दर्ज कर चुके हैं। वर्ष 2007 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले रोहित शर्मा ने अब तक 262 वनडे मैच खेले हैं और 49.12 के औसत से 10709 रन बनाए हैं जिसमें 31 शतक हैं, इस दौरान 264 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। 292 वनडे में 58.67 के बेहतरीन औसत से 13848 और 463 वनडे में 44.83 के औसत से 18426 रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर भी इस मामले में 'हिटमैन रोहित शर्मा से पीछे हैं। विराट ने 9 कैलेंडर ईयर में 50 प्लस के औसत से जबकि सचिन ने 7 कैलेंडर ईयर में रन बनाए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम ने छह कैलेंडर ईयर में 50 रन इससे अधिक का औसत दर्ज किया है।

कोलकाता नाइट राइडर्स मेरे दिल के बहुत ही करीब : गौतम गंभीर

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में मेंटर के रूप में अपनी वापसी के बाद, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौतम गंभीर ने कहा कि फ्रेंचाइजी उनके दिल के बहुत करीब है। गंभीर ने उम्मीद जाहिर की हैं कि वह आईपीएल के आगामी सीजन में फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। गंभीर ने कहा कि वह दो बार के आईपीएल चैंपियन के साथ अपने पिछले कार्यकाल के दौरान बंगाल के लोगों से मिले प्यार का बदला चुकाना चाहते हैं। गंभीर ने कहा कि वहां वापस जा रहा हूं जहां ढेर सारी भावनाएं थीं, पसीना था, कड़ी मेहनत थी,वहां सारी यादें वापस आ रही हैं। यह एक नई शुरुआत है और उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। केकेआर मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि हमें इतना प्यार मिला है। गंभीर ने दो साल तक लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मेंटर के रूप में काम किया, इस दौरान फ्रेंचाइजी दोनों सीजन में तीसरे स्थान पर रही। प्लेऑफ में अपनी जगह बनाने के बाद, वे क्रमशः 2022 और 2023 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस से बाहर हो गए। गंभीर अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में लौट आए हैं, जिस टीम को उन्होंने 2012 में आईपीएल का गौरव दिलाया था। इससे पहले गंभीर 2011 से 2017 तक कोलकाता फ्रेंचाइजी से जुड़े रहे थे, जिसे केकेआर का स्वर्णिम काल माना जाता है। इस अवधि के दौरान टीम ने 2 बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीता, 5 बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया और 2014 में चैंपियंस लीग टी20 के फाइनल में पहुंची।

महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में जर्मनी से हारी भारतीय टीम

सैंटियागो (एजेंसी)। दो गोल की बढत बनाने के बावजूद भारतीय टीम एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में पिछली उपविजेता जर्मनी से 3-4 से हार गई। भारत के लिए अन्नु (11वां मिनट), रोपनी कुमारी (14वां मिनट) और मुमताज खान (24वां मिनट) ने गोल किये जबकि जर्मनी के लिये सोफिया श्वाबे (17वां), लौरा प्लथ (21वां और 36वां) और कैरोलिन सेइडेल (38वां) ने गोल दागे। पहले मैच में कनाडा को 12.0 से हराने वाली भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में दबदबा बना लिया और जर्मनी की रक्षापंक्ति को खासा परेशान किया। इन हमलों के बीच भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरे पर अन्नु ने गोल करके टीम को बढत दिलाई। इसके तीन मिनट बाद रोपनी ने गोल करके पहले क्वार्टर में भारत की बढ़त 2.0 की कर दी।

दूसरे क्वार्टर में जर्मनी के लिए सोफिया ने दूसरे ही मिनट में फील्ड गोल दागा। वहीं लौरा ने बराबरी का गोल किया। मुमताज ने हालांकि 24वें मिनट में गोल करके हाफटाइम तक भारत को फिर 3.2 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भारत का जोर गेंद पर नियंत्रण बनाये रखने पर रहा जबकि जर्मनी ने बराबरी का गोल दाग दिया। लौरा ने 36वें मिनट में यह गोल किया। कैरोलिन ने 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके जर्मनी को बढ़त दिलाई। आखिरी क्वार्टर में दोनों टीमों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया लेकिन गोल नहीं हो सका। भारतीय गोलकीपर माधुरी किंडो ने शानदार प्रदर्शन करके जर्मनी को एक और गोल करने से रोका। भारत को आखिरी क्षणों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत का सामना अब शनिवार को बेल्जियम से होगा।

श्रेष्ठ प्रदर्शन कर फायनल में पहुंचे आठ भारतीय मुक्केबाज

नई दिल्ली । आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के छठे दिन आर्मेनिया के येरेवन में हुए क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद आठ जूनियर मुक्केबाजों ने पदक पक्के कर लिए। मीका स्पोर्ट्स एरेना में चल रहे टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, सात प्रतिस्पर्धी जूनियर लड़कियों में से छह मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। एशियाई जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप की दो स्वर्ण पदक विजेता परी (50 किग्रा) और निधि (66 किग्रा) ने क्रमशः रोमानिया की मुलर मिकाएला और चीनी ताइपे की काओ चुन ऐ के खिलाफ 5-0 की समान जीत के साथ अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीता।पायल (48 किग्रा) ने आयरलैंड की डोहर्टी लॉरेन पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की, जबकि अमीषा (54 किग्रा) ने सर्वसम्मत निर्णय से जीत के लिए दक्षिण कोरिया की किम जिया को मात दी। एशियाई जूनियर रजत पदक विजेता नेहा लुन्थी (46 किग्रा) का बेलारूस की हिजौस्काया एनहेलिना ने परीक्षण किया, लेकिन नेहा 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत कर उभरीं।दूसरी ओर, प्राची (54 किग्रा) को कजाकिस्तान की सेइटखांकीजकि पनार के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पहले राउंड में उन्हें संघर्ष करना पड़ा और अपने प्रतिद्वंद्वी को परखने में उन्हें काफी समय लगा, लेकिन अंतिम दो राउंड में जोरदार वापसी करते हुए 3-2 से विभाजित फैसला सुरक्षित कर लिया। जॉयश्री देवी (60 किग्रा) हारने वाली अकेली भारतीय महिला रहीं, उन्हें रूस की लियोनोवा किरा के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा।इस बीच, लड़कों के वर्ग में चार में से दो मुक्केबाज पदक दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे।एशियाई जूनियर स्वर्ण पदक विजेता हार्दिक पंवार (80 किग्रा) और जतिन (54 किग्रा) अपने खेल में शीर्ष पर थे और वे क्रमशः दक्षिण कोरिया के पार्क डैमहयोन और जॉर्जिया के मुशकुडियानी डेविक पर सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे जबकि ब्रिजेश टम्टा (46 किग्रा) और दिवाश कटारे (50 किग्रा) ऐसे दो मुक्केबाज थे जिन्हें क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।पांच जूनियर लड़के और लड़की मुक्केबाज गुरुवार देर रात अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेलेंगे।सेमीफाइनल 2 दिसंबर को होंगे और फाइनल 3 और 4 दिसंबर को खेले जाएंगे।

वोंग की आक्रामक बल्लेबाजी, इंग्लैंड ए ने दूसरे टी20 मैच में भारत ए महिला टीम को हराया

मुंबई (एजेंसी)। इस्सी वोंग की 15 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी के दम पर इंग्लैंड महिला ए ने दूसरे मुकाबले में शुक्रवार को यहां भारत महिला ए को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया। भारत महिला ए के नौ विकेट पर 149 रन के जवाब में इंग्लैंड की पारी 15वें ओवर में पांचवां विकेट गिरने से लड़खड़ा गई थी लेकिन वोंग ने इसके बाद पांच चौके और एक छक्का जड़ित नाबाद पारी खेलकर सात गेंद शेष रहते टीम की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने अपने आखिरी 23 रन सिर्फ सात गेंदों में बनाए।

इंग्लैंड को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 17 रन चाहिए थे। वोंग ने काशवी गौतम (34 रन पर एक विकेट) के खिलाफ दो चौके और एक छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला तीन दिसंबर को खेला जाएगा। वोंग की ताबड़तोड़ पारी से पहले ग्रेस स्क्रिवेन्स ने सर्वाधिक 39 रन बनाने के अलावा माइया बाउचर के साथ पहले विकेट के लिए 38 की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। बाउचर ने 27 रन की आक्रामक पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। उन्हें भारत की कप्तान मिन्नू मणि (29 रन पर दो विकेट) ने आउट कर दिया। श्रेयंका पाटिल (22 रन पर एक विकेट) ने इसके बाद शानदार लय में चल रही होली अमितेज (13) को बोल्ड किया। मिन्नू ने इसके बाद स्क्रिवेन्स की 34 गेंद की पारी को खत्म कर टीम को तीसरी सफलता दिलायी। जी दिव्या ने काश्वी की गेंद पर मैडी डिविलियर्स (चार) का शानदार कैच लपका तो वहीं जिन्तिमणि कलिता ने खतरनाक दिख रही फ्रेया कैंप (17) और श्रेयांका ने कप्तान चार्ली डीन (10) को शानदार थ्रो पर रन आउट किया। इन विकेटों का वोंग पर कोई असर नहीं पड़ा। इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज उमा छेत्री ने 14 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाए। वोंग ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। इससे पहले माहिका गौर ने वृंदा दिनेश को शुरुआती ओवर में आउट किया। मणि ने तीन चौके लगाये लेकिन वह 13 गेंद में 14 रन ही बना सकी। पंजाब की कनिका आहूजा ने 14 गेंद में 27 जबकि अरुण गोयल की 26 गेंद में 26 रन की पारी से भारत ने सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

चौथे वरीय सिद्धार्थ को हराकर आर्यन क्वार्टर फाइनल में

स्पोर्ट्स डेस्क। देश के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी आर्यन शाह ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त सिद्धार्थ रावत को उलटफेर का शिकार बनाकर आईटीएफ कलबुर्गी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वालीफाइंग दौर में अच्छा प्रदर्शन करके मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाले 18 वर्षीय आर्यन ने हार के कगार पर पहुंचने के बाद वापसी करके रावत को 4-6, 7-6 (4), 7-6 (3) से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ियों में आर्यन के अलावा पांचवीं वरीयता प्राप्त रामकुमार रामनाथन, छठी वरीयता प्राप्त ऋषभ अग्रवाल और मनीष सुरेशकुमार ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में जापान के दूसरे वरीय मात्सुदा रयुकी, उनके हमवतन रयोतारो तागुची और सीता वतनबे तथा ऑस्ट्रिया के सातवें वरीय डेविड पिचलर शामिल हैं।

भारत की पेस तिकड़ी साथ नहीं आएगी नजर, सफेद गेंद के खेल में शमी को मौका नहीं

मुंबई (एजेंसी)। साल 2023 के आखिर में भारतीय टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर रहेगी। जिसके लिए बीसीसीआई ने तीनों फॉर्मेट के लिए टीम की घोषमा की है। वहीं ये सीरीज भारत के लिए बेहद अहम होने वाली है। ऐसे में वर्ल्ड कप 2023 के बाद आगामी व्यस्त शेड्यूल को देखते हुए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और शमी की तिकड़ी को विशेष प्रबंध के कारण छोटे प्रारूपों से ब्रेक दिया गया है।

प्रोटियाज के खिलाफ बीसीसीआई ने तीनों फॉर्मेट में एक साथ अपनी बेस्ट टीम को बिल्कुल नहीं उतारा है। सबसे छोटे फॉर्मेट यानी टी20 में सिर्फ मोहम्मद सिराज को जगह दी गई है।

बीसीसीआई ने बयान जारी करते हुए शमी को लेकर कहा है कि, शमी वर्तमान में चिकित्सा इलाज से गुजर रहे हैं और उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है। पेस तिकड़ी को छोटे प्रारूपों में पूरी तरह से इस्तेमाल करने पर बीसीसीआई कतई जोर नहीं दे रहा है।

आईसीसी वर्ल्ड कप में भारतीय पेस अटैक का प्रदर्शन कमाल का रहा है। इसके बाद आगामी टी20 वर्ल्ड कप के मद्देनजर भारतीय टीम अपने तेज गेंदबाजों पर किसी भी तरह का दबाव नहीं डालना चाहता है। एक दिवसीय मैचों में बारत के लिए नया गेंदबाजी लाइन-अप होगा। मुख्य पेस तिकड़ी को सिर्फ टेस्ट में ही शामिल किया गया है। जबकि लाल गेंद में भी शमी का शामिल होना उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

टेस्ट में पेस तिकड़ी का इस्तेमाल करना भारतीय टीम के लिए जरूरी भी है, क्योंकि इसमें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को देखते हुए किसी तरह के इस्तेमाल की गुंजाइश नहीं है। फिलहाल, भारतीय टीम वनडे पर ज्यादा ध्यान नहीं देगी, वनडे वर्ल्ड कप जा चुका है।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत का स्क्वॉड

टेस्ट के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, केएल राहुल, रविचंद्रन अश्वि, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा।

3 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम- यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, जितेश शर्मा, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर।

3 वनडे के लिए भारत की टीम- रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप ससिंह, दीपक चाहर।

प्रदेश भर की कृषि उपज मंडियों में चना क्वालिटीनुसार 4800 से 5000 रुपए क्विंटल बिक रहा

नाफेड के टेंडर ऊंचे जाने से चने में तेजी

वाणिज्य प्रतिनिधि ॥ भोपाल

व्यापारियों का कहना है कि नाफेड द्वारा चना टेंडर ऊंचे दामों पर पास किए जाने से चने में सेंटीमेंट मजबूत बन गया है। नाफेड के टेंडर 6000 रुपए क्विंटल के आसपास जा रहे है। भोपाल सहित प्रदेश भर की कृषि उपज मंडियों में पहले चना वैरायटीनुसार 4800 से 5000 रुपए क्विंटल बिक रहा था। लेकिन पन्द्रह दिन पहले चना में तेजी आई और मंडियों में भाव 4700 से 5200 रुपए क्विंटल हो गया है मगर अब मौजूदा समय में मंडियों में चना 5500 से 6000 रुपए क्विंटल के भाव बोला जा रहा है। स्थानीय करोंद अनाज मंडी स्थित भोपाल ग्रेन मर्चेन्ट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और थोक चना कारोबारी हरीश ज्ञानचंदानी के अनुसार मंडियों में चने आवक नदारद होने के माल की सार्टेज है तो वहीं नाफेड द्वारा ऊंचे भाव पर टेंडर खोले जाने से चने की तेजी को बल मिला और चना 6000 रुपए क्विंटल के भाव पहुंच गया है।

जानकारों के अनुसार नाफेड अब तक महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा अधिक चना बेच चुका है। चने में सीमित रूप से मिलर्स की मांग जोर पकड़ने लगी है। दरअसल चने से बने उत्पाद बेसन और चना दाल में उपभोक्ता पूछपरख अच्छी आने लगी है। इसके चलते मंडियों में मिलों की चने में लेवाली बढ़ गई है। वहीं स्टाकिस्टों के हाथों में माल कम होने से चने की सप्लाई बेहद कमजोर है। इस वजह से नाफेड पर निर्भरता बढ़ने से हाजिर बाजारों में चने के दामों में तेजी दर्ज की गई। व्यापारियों का कहना है कि नाफेड द्वारा चना टेंडर ऊंचे दामों पर पास किए जाने से चने में सेंटीमेंट मजबूत बन गया है।

चने की तेजी से दाल और बेसन के भी उछले दाम

वैवाहिकी सीजन शुरू हो जाने से चना दाल और बेसन की मांग भी बढ़ गई है। शादियों का सीजन करीब एक माह रहेगा, जिसमें चना दाल-बेसन की खपत भरपूर रहने की उम्मीद है। अतः स्थानीय जिंस बाजार में चने की तेजी के कारण चना दाल और बेसन भाव को बल मिला है और इसके सौदे ऊंचे दाम पर हो रहे है। आटा, मैदा और बेसन कारोबारी दीपक पसारी के अनुसार शहर के फुटकर किराना दुकानों में बेसन 85 से 90 रुपए किलो के भाव बिक रहा है तो थोक जिंस बाजार हनुमानगंज में बेसन 78 से 79 रुपए किलो ग्राम है जबकि बेसन का मिल भाव 76 से 78 रुपए किलोग्राम के सौदे हो रहे हैं। व्यापारी दीपक पसारी के अनुसार आने वाले दिनों में बेसन के दाम में और तेजी आएगी।

एसबीआई महिला क्लब ने किया 105 कर्मियों को सम्मानित

भोपाल। एसबीआई महिला क्लब अपने सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है, एक बार फिर सर्दियों की ठंड से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों को गर्मी और सुरक्षा के लिए कंबल वितरित करके सामाजीक जवाबदेही की मिसाल को पेश किया। महिला क्लब की सामाजिक जवाबदेही के लिए जानी जाती है, जिसने इस सर्दी की ठंड में आगे बढ़कर कार्य किया। सर्दी में ठंड से बचाने की जरूरत को देखते हुए महिला क्लब ने आशा मिश्रा अध्यक्ष महिला क्लब के नेतृत्व में एक विस्तृत कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रधान कार्यालय, चार इमली स्थित अधिकारी आवासों और अतिथि आवासों में कार्य करने वाले 105 कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सफाईकर्मी, ड्राइवर, माली जैसे महत्वपूर्ण कर्मचारी शामिल थे।

जरूरतमंदों को किए कंबल वितरित

कंबल वितरण ने सिर्फ एक की नहीं, बल्कि महिला क्लब द्वारा प्रेरित समाजिक जिम्मेदारी के भाव को भी दर्शाया। यह लाभार्थियों के कल्याण की दिशा में उनकी संकल्पित भावना का प्रतीक था। कंबल पाने वाले लाभार्थियों ने एसबीआई महिला क्लब के प्रति अपनी कृतज्ञता दिखाई, जो उनके निःस्वार्थ और उदार प्रयास के महत्वपूर्ण प्रभाव को प्रकट करता था। इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्षा अर्चना कुंदन,नीतू प्रसाद और रंजना झा सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थेए जो इस नेक प्रयास की महत्ता को और बढ़ा रहे थे। यह सामाजिक कल्याण और सामूहिक सद्भाव की मानवीय भावना का प्रतीक था, जो महिला क्लब के स्थायी समर्थन और सहानुभूति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया बचत और चालू खातों के लिए बॉब परिवार खाता

भोपाल। बैंक ऑफ बड़ौदा भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक ने बचत और चालू खातों के लिए बॉब परिवार खाता का शुभारंभ किया। मेरा परिवार, मेरा बैंक सेगमेंट, जिसे बैंक के ष्बॉब के संग त्यौहार की उमंग उत्सव अभियान के एक हिस्से के रूप में शुरू किया गया है, एक परिवार के सदस्यों से संबंधित सभी बैंक खातों को एक परिवार के तहत जोड़ता है। इसके तहत प्रत्येक खाता प्राथमिक खाताधारक द्वारा स्वतंत्र रूप से संचालित करने के साथ तिमाही औसत शेष का रखरखाव ग्रुप/परिवार स्तर पर दर्ज किया जाएगा। जिससे प्रत्येक खाते में क्यूएबी बनाए रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा समग्र रूप से संवर्धित संबंधों के कारण यह परिवार के प्रत्येक सदस्य को उत्सव के समय कई प्रकार के लाभ का एक्सेस प्रदान करता है। बॉब परिवार सुविधा नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। बॉब परिवार खाते में न्यूनतम दो और अधिकतम छह सदस्य शामिल हो सकते हैं। बॉब परिवार बचत खाता सेगमेंट के लिए पात्र परिवार के सदस्यों में पति/पत्नी, माता-पिता, बच्चे, सास-ससुर,बहू औरध्या दामाद शामिल हो सकते हैं। बॉब परिवार चालू खाता सेगमेंट स्वामित्व, साझेदारी, एलएलपी और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों जो समूह कंपनियां या सहयोगी कंपनियां हैं, के लिए उपलब्ध है।105 कर्मियों को बॉब परिवार बचत खाता और बॉब परिवार चालू खाता सेगमेंट दोनों ही तीन विभिन्न प्रकार के वैरिएंट, डायमंड, गोल्ड और सिल्वर के साथ आते हैं जिनमें पूल आधारित तिमाही औसत शेष की विभिन्न आवश्यकताएं बचत खातों के लिए डायमंड- 5 लाख रुपए और अधिक , गोल्ड- 2 लाख रुपए और अधिक , सिल्वर 50,000 रुपए और अधिकय चालू खातों के लिए डायमंड- 10 लाख रुपए और अधिक, गोल्ड- 5 लाख रुपए और अधिक, सिल्वर-2 लाख और अधिक और संबंधित लाभ शामिल हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक - खुदरा देयताएं और एनआरआई व्यवसाय, रवींद्र सिंह नेगी ने कहाकि हमें खुशी है कि हम अपने बचत और चालू खाता धारकों के लिए बॉब परिवार खाते की पेशकश कर रहे हैं।

भोपाल स्टॉक इंवेस्टर्स एसो.ने आयोजित किया सेमिनार

भोपाल। भोपाल स्टॉक इन्वेस्टर्स एसोसिएशन द्वारा निवेशक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने सेमिनार में मौजूद हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्य सहित निवेशकों का स्वागत करते हुए शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और जोखिम के बारे की बारीकियों को बताया और। सेमिनार मौजूद निवेशकों ने अपने सवाल किए और जिसका अग्रवाल ने उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम मौजूद लोगों ने एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल को सम्मानित भी किया।

यूनियन बैंक ने अनुपम अग्रवाल को किया सम्मानित

भोपाल। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 105 वे स्थापना दिवस समारोह अयोजित किया गया। इस अवसर पर यूनियन बैंक द्वारा पांच नई योजनाओं की भी लांचिग की गई। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के प्रमुख खाताधारकों एवं समस्त यूनियन बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में रीजनल हेड जावेद जाफरी, जोनल हेड ब्रजराज दास भोपाल मुख्य शाखा प्रबंधक श्रीमती कविता द्वारा अनुपम अग्रवाल को वैल्यूवल कस्टमर की उपाधि से सम्मानित करते हुए स्मति चिन्ह प्रदान किया।

एचडीएफसी बैंक ने किया 100 से अधिक बीसी एजेंट केंद्रों के दूसरे बैच का उद्घाटन

भोपाल। एचडीएफसी बैंक ने भारत के कई राज्यों में 100 से अधिक बीसी केंद्रों के एक नए बैच का उद्घाटन किया है। यह कदम वित्तीय समावेशन और देश के वंचित क्षेत्रों में बैंकिंग को सुलभ बनाने के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ये केंद्र एक छोटी शाखा के रूप में कार्य करेंगे। जिसमें ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई) ग्राहकों को डिजिटल रूप से बैंकिंग उत्पादों का लाभ उठाने में सहायता करेंगे। वीएलईए जो मौजूदा सूक्ष्म-उद्यमी हैं और सरकार से उपभोक्ता (जी2सी) सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, अब अतिरिक्त रूप से देश के दूरदराज के क्षेत्रों में बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं प्रदान करेंगे। इन केंद्रों का उद्घाटन स्थानीय सरपंच, ग्राम प्रधान, मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों, युद्ध के दिग्गजों, स्कूलों/ कॉलेजों के प्राचार्यों आदि की उपस्थिति में किया गया। एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में हमेशा अग्रणी रहा है। 30 सितंबर 2023 तक देशभर के 3,836 शहरों/कस्बों में इसका व्यापक नेटवर्क 14902 बीसी केंद्रों, 7,945 शाखाओं, 20,596 एटीएम पर था। बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट केंद्रों की शुरूआत अपनी पहुंच का विस्तार करने और विविध बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार बढ़ते ग्रामीण ग्राहक आधार का बैंक की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

सर्वोटेक पावर को बीपीसीएल से 2649 ईवी चार्जर्स का ऑर्डर मिला

भोपाल। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) से 2649 एसी ईवी चार्जर के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी पूरे देश में स्ट्रेटिजिकली 2649 एसी ईवी चार्जर्स की मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई और इंस्टॉलेशन के लिए जिम्मेदार होगी। बीपीसीएल ई-ड्राइव प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रमुख भारतीय शहरों में पेट्रोल पंप्स को सुसज्जित करेगी। साथ ही ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस के व्यापक कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस प्रोजेक्ट के लिए ईवी चार्जर की रेंज में 3 किलोवाट और 7 किलोवाट के चार्जर्स शामिल हैं। इन एसी चार्जर्स का निर्माण और उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका हैए इसके साथ ही चार्जर्स की सप्लाई 15 दिसंबर से शुरू होगी और तीन महीने के भीतर पूरी हो जाएगी। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पहले ई-मोबिलिटी लैंडस्केप को बदलने के लिए मिलकर काम किया था। कंपनी ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ई-ड्राइव प्रोजेक्ट के लिए देशभर में विभिन्न स्थानों पर 30 किलोवाट डीसी फास्ट ईवी चार्जर्स की 800 यूनिट्स को सप्लाई और इंस्टॉल किया। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स एसी ईवी चार्जर्स की इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और देखरेख करेगा और इस पहल का उद्देश्य ई-मोबिलिटी टचप्वाइंट स्थापित करना है जो लेन-देन को सुव्यवस्थित करता है, उपलब्धता बढ़ाता है, खोज की सुविधा देता है और ईवी यूजर्स के लिए नेविगेशन को सरल बनाता है,जिससे ईवी चार्जिंग नेटवर्क तक सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित होती है।

सेबी ने लगाया 9 लोगों पर दो साल का प्रतिबंध, निवेशकों से जुटाए 8 करोड़ रुपये तीन महीने में वापस करने को कहा

एजेंसी ॥ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार में कारोबार करने पर 9 लोगों और संस्थानों पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। इन लोगों को निवेशकों से जुटाए गए 8 करोड़ रुपये तीन महीने में वापस करने को कहा है। इसके साथ ही 45 दिनों में 18 लाख रुपये जुर्माना भी भरने का आदेश दिया है। जारी आदेश में सेबी ने यह जानकारी दी। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें योगेश कुकडिया, राजेश, नितिन राज, सिग्नलनाइज, कैपिटल पार्टनर्स, इन्वेस्टो इन्वेस्टमेंट, एसएस इन्फो सेल्स, सीटी वेब और अन्य हैं। अप्रैल से अक्टूबर के बीच कोयला आधारित ऊर्जा उत्पादन 8.8प्रतिशत बढ़कर 686.7 अरब यूनिट्स (बीयू) पर पहुंच गया है। एक साल पहले यह 630.7 बीयू था। कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह बढ़त तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि, देश के उत्तरी क्षेत्र में मानसून में देरी और कोविड के बाद पूर्ण वाणिज्यिक गतिविधियों की बहाली के कारण हुई है।

वैश्विक ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने कहा है कि 2052 तक अमेरिका और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़कर भारत सबसे बड़ी इकनॉमी बनेगा। उस समय हमारी अर्थव्यवस्था 45 लाख करोड़ डॉलर की होगी। 2027 तक जापान को पीछे छोड़ कर तीसरे स्थान पर भारत होगा। 2047 तक हमारी इकनॉमी का आकार 29 लाख करोड़ डॉलर होगा। जब जीडीपी दोगुना होगी तो बाजार पूंजीकरण भी उसका दोगुना हो जाएगा।

सेवाओं के निर्यात और सरकारी निवेश से भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार

बढ़ते सेवाओं के निर्यात और सार्वजनिक निवेश से भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलती रहेगी। खरीदी शक्ति में सुधार के साथ महंगाई दर में लगातार गिरावट आती रहेगी। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में देश की जीडीपी में गिरावट देखने को मिल सकती है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 में भारत की जीडीपी में 7.2प्रतिशत की वृद्धि दर के बाद वित्त वर्ष 2024 में गिरावट का अनुमान है। विकास दर की रफ्तार में कमी की वजह मौसम संबंधी विपरीत घटनाएं और कमजोर अंतरराष्ट्रीय कारण होंगे। नीतिगत सुधारों से उत्पादकता में वृद्धि और वैश्विक स्थितियों में सुधार होगा। इससे वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5प्रतिशत की अनुमानित विकास दर के साथ आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। धीमी वृद्धि दर, महंगाई दर के अनुमान, आवास की कीमतें और मजदूरी धीरे-धीरे कम हो जाएंगी। इससे महंगाई को 4.2 प्रतिशत तक लाने में मदद मिलेगी, जिससे आरबीआई दरों में कटौती भी कर सकता है। बढ़ती महंगाई दर से लड़ने के लिए गेहूं और चावल पर लगाए गए निर्यात प्रतिबंध वापस ले लिए जाएंगे। इससे निर्यात वृद्धि को ठीक होने में मदद मिलेगी।

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बिना नियम के एसिड की बिक्री नहीं

उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को एसिड की बिक्री को रोकने के लिए तुरंत उचित तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ग्राहकों को भी नियमों का पालन किए बिना ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर एसिड की खरीद के प्रति चेताया है। एक नोटिस में कहा गया कि एसिड विक्रेताओं को अपने साथ जोड़ने से पहले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को अनिवार्य मानदंडों के अनुपालन पर उनसे एक अलग से लिखित में बयान लेना होगा। यह देखा गया है कि बिना सरकारी पहचान पत्र के एसिड दिया जा रहा है। साथ ही ऑर्डर देने से पहले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एसिड खरीदने के उद्देश्य का भी पता नहीं करते हैं।

सार्वजनिक भंडारण के समाधान तक कृषि मुद्दे पर चर्चा नहीं : भारत

भारत ने कृषि व्यापार में गहरी रुचि रखने वाले विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) सदस्य देशों के समूह से कहा कि वह अनाज के सार्वजनिक भंडारण के संबंध में स्थायी समाधान मिलने तक कृषि क्षेत्र में पहले से निर्यात प्रतिबंध लगाने जैसे किसी भी नए मुद्दे पर चर्चा नहीं करेगा। भारत ने 28 नवंबर को डब्ल्यूटीओ के 28 सदस्यीय देशों की वर्चुअल तरीके से हुई लघु-मंत्रीस्तरीय बैठक के दौरान अपना रुख स्पष्ट किया।

सोना 750 रुपये उछलकर 63500 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर चांदी में 800 रुपये की मजबूती

एजेंसी ॥ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव 750 रुपये की तेजी के साथ 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 800 रुपये उछलकर 79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच बुधवार को सोना 750 रुपये की तेजी के साथ 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में सोना और चांदी का भाव तेजी के साथ क्रमशः 2,041 डॉलर प्रति औंस और 24.95 डॉलर प्रति औंस हो गया। कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 27 डॉलर की तेजी के साथ 2,041 डॉलर प्रति औंस हो गया। गांधी ने कहा कि डॉलर के कमजोर होने और फेडरल रिजर्व के एक अधिकारी के बयान से इस बात की संभावना बढ़ी है कि केंद्रीय बैंक अगले साल ब्याज दरों में कटौती शुरू करेगा। इससे व्यापारियों की धारणा को बल मिला और कॉमेक्स पर सोना मई के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

सेंसेक्स 62 अंक बढ़कर 66,963 पर खुला, निफ्टी में भी 12 अंक की बढ़त

एजेंसी ॥ मुंबई

शेयर बाजार में आज यानी गुरुवार (30 नवंबर) में मामूली तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 62 अंक बढ़कर 66,963 पर खुला। वहीं, निफ्टी में भी 12 अंक की बढ़त रही, यह 20,108 के स्तर पर ओपन हुआ। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली। टाटा टेक्नोलॉजीज के शेयरों की आज बाजार में शानदार लिस्टिंग हुई। इसका शेयर BSE पर 140प्रतिशत ऊपर (प्रीमियम) के साथ 1200 रुपए पर लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 500 रुपए था। आज दूसरी तिमाही के लिए GDP के आंकड़े आएंगे। इस अवधि में ग्रोथ की रफ्तार 7.03प्रतिशत रह सकती है। ये पहली तिमाही में 7.8प्रतिशत पर रही थी। जबकि पिछले वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में ये 6.2प्रतिशत पर रही थी। बता दें कि दूसरी तिमाही के लिए आरबीआई का पूर्वानुमान 6.5प्रतिशत है, हालांकि गवर्नर ने कहा है कि ये आंकड़े और मजबूत हो सकते हैं।

सबसे मजबूत इकॉनमी रियल एस्टेट कारोबार हो रहा ध्वस्त

नई रहस्यमयी बीमारी से हिली चीन की अर्थ-व्यवस्था

एजेंसी ॥ नई दिल्ली

दुनिया की फैक्ट्री कहलाने वाले चीन की मुश्किलें कम होने के बजाए बढ़ती जा रही है। कोरोना महामारी और लॉकडाउन के सख्त नियम ने चीन की इकॉनमी को हिलाकर रख दिया। भले ही चीन अपने मुंह से कुछ न कहें, लेकिन जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, वो ड्रैगन की पोल खोल रहे हैं। चीन में खत्म होती नौकरियां, बूढ़ी होती जनसंख्या, चीनी कंपनियों पर बढ़ता कर्ज का बोझ इकॉनमी पर दवाब बढ़ा रहे हैं।

चीन का रियल एस्टेट कारोबार , जो उसकी इकॉनमी का सबसे मजबूत खिलाड़ी है, वो ध्वस्त होता जा रहा है। चीन की अर्थव्यवस्था में रियल एस्टेट का योगदान 30 फीसदी तक का है, लेकिन देश की बड़ी-बड़ी रियल स्टेट कंपनियां दिवालिया हो रही हैं। चीन की इकॉनमी, वहां की जीडीपी, निर्यात-सप्लाई चेन सब हिला हुआ है। कोरोना महामारी की चोट से अभी चीन उबर भी नहीं नया पाया था कि नए मिस्ट्री वायरस ने चीन की मुश्किल को बढ़ा दिया है। कोरोना के बाद एक फिर चीन में नई रहस्यमयी बीमारी तेजी से फैल रही है। जानकार चीन की इस नई तरह की बीमारी की भो कोविड-19 से जोड़ कर देख रहे हैं। चीन में यह बीमारी तेजी के साथ एक शहर से दूसरे शहर फ़ैल रही है। अस्पतालों में बेड तेजी से भरते जा हुए हैं। नई बीमारी सिर्फ चीनी लोगों की सेहत नहीं बल्कि चीन की आर्थिक सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है। पहले से आर्थिक रू से बीमार चीन को इस बीमारी ने जोर का झटका दिया है। ये बीमारी सिर्फ चीन को नहीं बल्कि पूरी दुनिया को डरा रही है। चूंकि ग्लोबल इकॉनमी के दुनियाभर के देश एक दूसरे से बंधे हैं, इसलिए इसका असर भी व्यापक होता है। जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई थी। अगर चीन में मौजूदा बीमारी की वजह से उस तरह की बाधा उत्पन्न हुई तो चीन की इकॉनमी पर इसका बुरा असर पड़ेगा। भारत भी इससे अछूता नहीं रहेगा। चीन, भारत का एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है। अप्रैल-अक्टूबर 2023 में चीन से भारत ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात किया है।

निर्यात-सप्लाई चेन को झटका

चीन में फैल रही नई बीमारी ने एक बार फिर से ग्लोबल सप्लाई चेन के बाधित होने का डर पैदा कर दिया है। अगर बीमारी इसी तरह से फैलता रहा तो निर्यात प्रभावित होगा। बीमारी का प्रकोप बढ़ने से ग्लोबल सप्लाई चेन और ग्लोबल ट्रेड प्रभावित होता, जिसका नुकसान चीन को होगा। चीन ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट का केंद्र है। अगर बीमारी बढ़ी, इसका प्रकोप बढ़ता रहा तो सप्लाई चेन प्रभावित होगी। निर्यात गिरेगा। निर्यात गिरने का मतलब है चीन की इकॉनमी पर सीधा असर। चीन की अर्थव्यवस्था सप्लाई और निर्यात पर टिकी है, लेकिन इस बीमारी के कारण इस पर असर पड़ सकता है। चीन वैश्विक विकास का लगभग 40प्रतिशत हिस्सा है। चीन का आयात के मुकाबले निर्यात अधिक है। अगर बीमारी की वजह से सप्लाई चेन बाधित हुई तो जाहिर है कि चीन की इकॉनमी पर बुरा असर पड़ेगा। कंपनियों का घाटा बढ़ता चला जाएगा। घाटे के दवाब में कंपनियों पर दिवालिया होने का खतरा बढ़ सकता है। बैंकों का कर्ज फंसता चला जाएगा। जिसका असर चीन की अर्थव्यवस्था पर होगा।

शाहरुख के साथ काम करना किसी सपने कम नहीं

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सैम बहादुर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त चल रहे हैं। इसके अलावा जल्द ही वह राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी में भी नजर आएंगे। शाहरुख खान स्टारर डंकी को लेकर विक्की काफी उत्सुक हैं। इस फिल्म में वह पहली बार शाहरुख खान के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। विक्की ने शाहरुख की तारीफ करते हुए कहा कि उनके जैसा कोई नहीं है। विक्की कौशल ने हाल ही में एक बातचीत में बताया कि शाहरुख खान के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। शाहरुख की प्रशंसा करते हुए सैम बहादुर अभिनेता ने कहा, यह एक सपने के सच होने जैसा है। उनको मिलना ही सपना सच होने जैसा है, उनके साथ काम करना तो सोचो कितना बड़ा सपना सच होने जैसा है।

शाहरुख की तारीफ में बोले विक्की

अभिनेता ने आगे कहा, तो मैं बहुत ज्यादा डिटेल में बात नहीं कर सकता उनके बारे में क्योंकि इसकी एक अलग प्रक्रिया है। मगर, इतना मैं जरूर बोल सकता हूं कि उनके साथ काम करके मुझे पता लगा कि वह बादशाह क्यों हैं। बता दें कि डंकी में शाहरुख खान, तापसी पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

इस दिन रिलीज होगी डंकी

राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित और जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स द्वारा बनी यह फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म के अलावा विक्की कौशल मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म सैम बहादुर में नजर आएंगे। विक्की के अलावा इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख अहम भूमिका में नजर आएंगी।

विक्की कौशल जल्द ही वह राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी में भी नजर आएंगे। शाहरुख खान स्टारर डंकी को लेकर विक्की काफी उत्सुक हैं। इस फिल्म में वह पहली बार शाहरुख खान के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। विक्की ने शाहरुख की तारीफ करते हुए कहा कि उनके जैसा कोई नहीं है।

कड़क सिंह में पंकज त्रिपाठी के अपोजिट नजर आएंगी बांग्लादेशी अभिनेत्री जया अहसान

अभिनेता पंकज त्रिपाठी जल्द ही फिल्म कड़क सिंह में नजर आएंगे। अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के जरिए एक बांग्लादेशी अभिनेत्री बॉलीवुड में दस्तक देने जा रही है। अभिनेत्री का नाम है जया अहसान। फिल्म में वे पंकज त्रिपाठी के अपोजिट नजर आएंगी। बता दें कि जया अहसान बांग्ला सिनेमा का चर्चित चेहरा हैं और शानदार अभिनय के लिए कई अवॉर्ड उन्हें मिल चुके हैं। जया ने बतौर मॉडल अपनी अभिनय यात्रा शुरू की। वे अब तक 110 से अधिक बांग्लादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी शो, टेलीफिल्म्स और वेब शो में काम कर चुकी हैं। बता दें कि हाल ही में कड़क सिंह फिल्म को आईएफएफआई में प्रदर्शित किया गया, जहां फिल्म को दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इसे लेकर जया ने कहा, यह एक खास पल था, एक ऐसा पल, जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। जया का कहना है, अपने काम के बूते मुझे 32 से ज्यादा अवॉर्ड्स मिल चुके हैं। लेकिन, इफ्पी का अनुभव मेरे लिए मील का पत्थर है। अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं और खुश हूं। ये मेरी पहली हिंदी भाषी फिल्म है, और जैसा कि अक्सर कहा जाता है कि हजारों मील की यात्रा भी पहले एक कदम से शुरू की जाती है। कड़क सिंह मेरा वही पहला कदम है। यह फीलिंग बहुत शानदार है। हिंदी सिनेमा में डेब्यू के जरिए अब जया अहसन हिंदी पट्टी के दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं।

मृणाल के साथ काम करने पर बोले अंगद

अंगद बेदी हाय पापा फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह अभिनेता की साउथ डेब्यू फिल्म है, जिसका दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है। अपनी पहली तेलुगु फिल्म में अंगद बेदी साउथ सुपरस्टार नानी के साथ स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म हिंदी में तेलुगु में हाय नन्ना और हिंदी में हाय पापा के नाम से रिलीज होने वाली है। अपना उत्साह साझा करते हुए अंगद बेदी ने कहा, फिल्म हाय पापा का हिस्सा बनना एक रोमांचक यात्रा है। यह रोमांच इसलिए भी और बढ़ गया है, क्योंकि यह तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में मेरे प्रवेश का प्रतीक है। नानी जैसे बहुमुखी अभिनेता के साथ सहयोग करना एक शानदार अनुभव था। नानी बेहद विनम्र और बहुत पसंदीदा नाम हैं और यह मेरे लिए एक रोमांचक सहयोग है। अंगद बेदी इस फिल्म में मृणाल ठाकुर के साथ भी स्क्रीन साझा करेंगे। इससे पहले वे लस्ट स्टोरीज में मृणाल के साथ काम कर चुके हैं। मृणाल के साथ फिर से काम करने को लेकर भी अभिनेता ने खुशी साझा की। अंगद ने कहा, मृणाल के साथ दूसरी बार टीम बनाने से परियोजना में एक विशेष स्पर्श जुड़ गया है।

विजय सेतुपति ने लिया बड़ा फैसला

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म जवान में विजय सेतुपति का किरदार किसे याद नहीं। सिनेमाघर या फिर ओटीटी, जहां भी दर्शकों ने यह फिल्म देखी, उन्हें विजय सेतुपति का रोल अच्छी तरह याद होगा। फिल्म में विजय खूंखार विलेन का किरदार निभाते नजर आए थे। विजय सेतुपति का कहना है कि वह अब से एंटी हीरो का किरदार नहीं करेंगे। एक्टर ने बताया कि उन्होंने अपने अभी तक के करियर में कई बार सिर्फ इसलिए विलेन का रोल किया है क्योंकि खुद फिल्म के हीरो ने उन्हें अप्रोच किया था।

विलेन का रोल करने में होती हैं पाबंदियां

विजय सेतुपति ने बताया कि अब वह और ज्यादा विलेन वाले रोल नहीं करना चाहते हैं क्योंकि मेकर्स उन पर बहुत ज्यादा इमोशनल प्रेशर बनाने लगे हैं। उन्होंने बताया कि विलेन का रोल करने में बहुत सी पाबंदियां होती हैं जैसे आपको थोड़ा कम टैलेंट दिखाना होता है ताकि कहीं विलेन का किरदार हीरो पर भारी ना दिखने लगे।

एडिटिंग में काट दिए जाते हैं विलेन के सीन

विजय सेतुपति ने कहा कि कई बार एडिटिंग टेबल पर आने के बाद विलेन के सीन काट दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन सारी वजहों के चलते उन्होंने तय किया है कि वह अब विलेन के रोल नहीं करेंगे। कम से कम अगले कुछ सालों तक तो नहीं। मालूम हो कि विजय सेतुपति अभी तक कई फिल्मों में निगेटिव रोल प्ले कर चुके हैं।





आगामी फिल्म फैमिली स्टार में फिर बनेगी रश्मिका- विजय की जोड़ी?

रश्मिका मंदाना इन दिनों रणबीर कपूर के साथ अपनी आने वाली फिल्म एनिमल को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। जहां एक तरफ अभिनेत्री लगातार संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का प्रचार करने के लिए अलग-अलग इवेंट में शामिल हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ वह अपने अगले प्रोजेक्ट्स की भी तैयारी में लगी हुई हैं। इन सबके बीच अब उनको लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। खास बात यह है कि यह खबर उनके कथित बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा से भी जुड़ी है।

कुछ रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि रश्मिका को विजय की अगली फिल्म फैमिली स्टार में कास्ट किया गया है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म के बाद कथित कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को आगामी फिल्म फैमिली स्टार में साथ काम करते देखा जा सकता है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि फिल्म में रश्मिका अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। हालांकि, अभी इसको लेकर कोई भी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। खबरों के मुताबिक फैमिली स्टार की शूटिंग फिलहाल दिल्ली में चल रही है। फिल्म का निर्देशन परसुराम ने किया है। यह फिल्म सुपरहिट फिल्म गीता गोविंदम के बाद अभिनेता और निर्देशक की दूसरी फिल्म है। फैमिली स्टार का निर्माण दिल राजू और सिरीश द्वारा श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म में विजय देवरकोंडा, मृणाल ठाकुर और दिव्यांशा कौशिक मुख्य भूमिकाओं में हैं। फैमिली स्टार की रिलीज की बात करें तो फिल्म को पहले संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी, 2024 रिलीज किया जाने वाला था, लेकिन बाद में इसे फरवरी 2024 तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। रिपोर्ट्स की मानें तो इसे तेलुगु और तमिल में रिलीज किया जाएगा।

लाइफ पार्टनर नहीं मिला तो कोई बात नहीं, अपनी जिंदगी में बहुत खुश हूं

श्रीति झा टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। साल 2014-2021 के बीच श्रीति ने शब्बीर अहलूवालिया के साथ कुमकुम भाग्य किया था, जिसके बाद वे किसी सीरियल में नजर नहीं आई थीं। अब लंबे ब्रेक के बाद श्रीति शो कैसे मुझे तुम मिल गए से सीरियल की दुनिया में वापसी कर रही हैं। इस सीरियल की कहानी भी प्यार और शादी के इर्द-गिर्द घूमती है।

अब मुझसे कोई शादी का सवाल नहीं पूछता

हाल ही में खास बातचीत के दौरान, श्रीति ने अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बातचीत की। इस दौरान, उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने लिए पार्टनर की तलाश करना छोड़ दिया है। श्रीति ने कहा, मेरी लाइफ में अब मुझसे कोई शादी का सवाल नहीं पूछता, शायद बहुत देर हो चुकी है। शादी का कोई सही समय नहीं होता देखिए, मेरा यही मानना है कि शादी के लिए आपको एक सही पार्टनर होना बहुत जरूरी है, शादी का कोई सही समय नहीं होता। अगर सही पार्टनर जल्दी मिल जाए तो जल्दी शादी कर लो, वरना....ठीक है। ये आपकी ज़िंदगी का सवाल है, अब 100 साल पुराने रीती-रिवाजों को आगे भी चलाना जरूरी नहीं।

फिलहाल अपनी जिंदगी में बहुत खुश हूं

क्या श्रीति शादी में विश्वास रखती हैं? इस पर वे कहती हैं, देखिए, मैं शादी को बहुत मानती हूं, मैं खुद शादी करना चाहती हूं, फैमिली बनाना चाहती हूं लेकिन तब जब मुझे कोई स्ट्रांग पार्टनरशिप के सही इंसान मिलेगा। वैसे, नहीं मिला तो भी कोई बात नहीं। मैं फिलहाल अपनी जिंदगी में बहुत खुश हूं।

पार्टनर की तलाश नहीं

तो किस तरह के पार्टनर की तलाश में हैं श्रीति? नहीं, अब कोई तलाश नहीं। अब ऐसा है कि जो भी मेरी राह में आ गया तो मजा आ जाए। तलाश नहीं करना चाहती बल्कि अब आराम और सुकून भरी जिंदगी जीना चाहती हूं।

अरिजीत मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं

शो कैसे मुझे तुम मिल गए में श्रीति के अपोजिट टीवी एक्टर अरिजीत तनेजा नजर आएंगे। रियल लाइफ में भी श्रीति और अरिजीत एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छा केमिस्ट्री शेयर करते हैं। अरिजीत से अपनी दोस्ती के बारे में श्रीति कहती हैं, जब मुझे पता चला कि मेरे साथ इस शो में अरिजीत तनेजा हैं तो मेरी खुशी दोगुनी हो गई। वो मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। वैसे रियल और रील लाइफ में हम दोनों ही एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। लेकिन इसके बावजूद, हम एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं, एक-दूसरे को आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट करते रहते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि ऑन-स्क्रीन हमारी केमिस्ट्री अच्छे से निखर कर आएगी।

रणवीर ने डार्क कहकर ठुकराई थी फिल्म कबीर सिंह

जब डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म कबीर सिंह में शाहिद कपूर को कास्ट करने का मन बना लिया था, तब उनके इस कास्टिंग पर कई लोगों ने सवाल उठाए थे। दरअसल, तब तक शाहिद की किसी भी सोलो फिल्म ने 100 करोड़ का कलेक्शन नहीं किया था। हालांकि इससे पहले उन्होंने रणवीर सिंह को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया था लेकिन रणवीर ने फिल्म को डार्क कहकर इसमें काम करने से मना कर दिया था।

डायरेक्टर संदीप ने अब कर सिर्फ तीन फिल्में अर्जुन रेड्डी, कबीर सिंह और एनिमल डायरेक्ट की हैं। उनकी पहली दोनों फिल्में हिट रही हैं। उम्मीद है कि 1 दिसंबर को रिलीज होने वाली फिल्म एनिमल भी हिट साबित हो सकती है। डायरेक्टर संदीप ने अब कर सिर्फ तीन फिल्में अर्जुन रेड्डी, कबीर सिंह और एनिमल डायरेक्ट की हैं। उनकी पहली दोनों फिल्में हिट रही हैं। उम्मीद है कि 1 दिसंबर को रिलीज होने वाली फिल्म एनिमल भी हिट साबित हो सकती है।

महेश बाबू के साथ अपने करियर की दूसरी फिल्म बनाने चाहते थे

इंटरव्यू में संदीप ने बताया कि करियर की पहली फिल्म अर्जुन रेड्डी के ब्लॉकबस्टर हो जाने के बाद उन्होंने महेश बाबू के साथ दूसरी फिल्म बनाने का फैसला किया था। मगर उसी वक्त महेश बाबू ने दूसरा कोई प्रोजेक्ट साइन कर लिया था। इसके बाद संदीप ने अर्जुन रेड्डी की हिंदी रीमेक कबीर सिंह बनाने का फैसला किया था। उस वक्त उन्हें बॉलीवुड से कई ऑफर मिल भी रहे थे।

रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहते थे संदीप

हालांकि हिंदी रीमेक बनाना उनके लिए आसान साबित नहीं हुआ। ये टास्क उनके लिए मुश्किल भरा रहा। उन्होंने कहा- मुझे रीमेक बनाने के लिए लगातार मुंबई से कॉल आ रहे थे। सबसे पहले इस फिल्म का ऑफर रणवीर सिंह को दिया गया था। मैं उनके साथ काम करना चाहता था। हालांकि बाद में उन्होंने फिल्म की थीम को डार्क बताकर साथ काम करने से मना कर दिया था।

शाहिद की कास्टिंग पर लोगों ने उठाए थे सवाल

संदीप को डर था कि ओरिजिनल फिल्म के हिट जाने के बाद रीमेक बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाएगी, तो ये उनके लिए शर्म की बात होगी। उन्होंने इस बारे में कहा- इंडस्ट्री के सभी प्रोड्यूसर, डिस्ट्रीब्यूटर्स और डायरेक्टर ने अर्जुन रेड्डी देखी थी। रणवीर के बाद शाहिद को फिल्म के लिए अप्रोच किया गया था। मगर सभी इस कास्टिंग के खिलाफ थे।

नोएडा पहुंचा अमृत यात्रा रथ

भाजपाइयों ने आरती उतारकर किया भव्य स्वागत

नोएडा (चेतना मंच)। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे प्रदेश के 75 जनपदों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी के तहत अमृत यात्रा के नाम से रथ हर जनपद में पहुंच रहा है।

अयोध्या से चला यह रथ सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर पहुंचा। यहां पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महासचिव उमेश त्यागी, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली समेत कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमृत यात्रा रथ की आरती की। इस दौरान रथ में बैठे रामकथा मर्मज्ञ श्री रामभद्राचार्य आश्रम के शिष्य मौजूद थे। जो हर जनपद में वहां की रज को अयोध्या लेकर जांएगे। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह होगा।

बिगड़े सफाई के हालात देख भड़के सीईओ जेई निलंबित, सफाई निरीक्षक का वेतन रोका

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम शुक्रवार को शहर की सफाई व्यवस्था तथा विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए नोएडा शहर की सड़कों पर उतरे। उन्होंने शहर की कई सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान बोटेनिकल गार्डन के पास बीओटी टॉयलेट नंबर 27 में सीवर का पाइप टूटा पाया, जिस कारण सीवर का पानी सड़क पर बह रहा था। इसको देखकर सीओ भड़क उठे तथा उन्होंने लापरवाही बरतने पर संबंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित करने के निर्देश दिए तथा सफाई निरीक्षक गोपाल शर्मा का वेतन रोक दिया।

आपको बता दें कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डॉ. लोकेश एम ने शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत बोटेनिकल गार्डन, डीएससी रोड, एमपी-2 रोड का निरीक्षण करते हुए सफाई कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सफाई कार्यों की समीक्षा तथा क्षेत्र की अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ करने के लिए निर्देश दिए गए। बोटेनिकल गार्डन के पास आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण एक बस टर्मिनल विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जीआईपी मॉल से बोटेनिकल गार्डन तक ड्रेन को कवर करते हुए आम जन की

सुविधा के दृष्टिगत कियोस्क स्थापित करने तथा वाहनों की पार्किंग की समस्या को ध्यान रखते हुए फुटपाथ रिडिजाइन करते हुए पार्किंग रैंप बनाने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

सीईओ ने बोटेनिकल गार्डन के क्षेत्र में नाले की सफाई का निरीक्षण किया गया तथा टूटे स्पीड ब्रेकर व फुटपाथ रिपेयर करने के निर्देश दिए गए। बोटेनिकल गार्डन के पास कार्यशील बीओटी टॉयलेट नंबर 27 में सीवर का पाइप टूटा पाया गया, जिसके कारण सीवर का पानी सड़क पर आ रहा था। जिस पर सीईओ ने शिथिल पर्यवेक्षण के लिए सम्बंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित करने तथा सफाई व्यवस्था में कमी पाए जाने के कारण सफाई निरीक्षक गोपाल शर्मा का वेतन रोकने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर डीजीएम सिविल प्रभारी विजय रावल, डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

श्रीराम जन्म भूमि से आया नोएडा के सनातनियों को निमंत्रण

नोएडा (चेतना मंच)। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए नोएडा के सनातनियों को श्रीराम की नगरी अयोध्या से निमंत्रण आ गया है। शुक्रवार की शाम नोएडा के सेक्टर 34 के हनुमान मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश की स्थापना की गई।

अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के लिए सभी सनातनियों को निमंत्रण देने के लिए अयोध्या से पूजित अक्षत (पीले चावल) कलश यात्रा मेरठ प्रांत से नोएडा में कलश यात्रा नोएडा के सेक्टर 34 के श्री हनुमान मंदिर पहुंचने पर ढोल बाजे के साथ पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सकल हिंदू समाज को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से पूजित अक्षत विहिप मध्य भारत प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा हनुमान मंदिर नोएडा पहुंचे, जहां पूजन के माध्यम से प्रमुख

कोषाध्यक्ष अनिल को अक्षत कलश सौंपा गया। नोएडा सेक्टर 62 से हनुमान मंदिर पर कलश का मंदिर समिति द्वारा पूजन कर स्वागत किया। यहां से मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कलश यात्रा निकल गई जो नोएडा सेक्टर 62 से होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची। नगर में जगह-जगह अक्षत कलश का समाज के लोगो द्वारा पूजन अर्चना कर फूलों से स्वागत किया।

विहिप अध्यक्ष और जिला मंत्री ने नोएडा के सभी भाइयों, बहनों से 22 जनवरी को मंदिरों में श्री राम का भजन कीर्तन और घर के बाहर 5 दीपक जलाने की अपील की है। इस आयोजन में सत्येंद्र, सुमित महानगर, राहुल, छाया सिंह, दिनेश महावर, सतवीर, धर्म प्रसाद प्रमुख राजीव शर्मा, सह प्रचार प्रमुख राहुल व समस्त कार्यकर्ता शामिल रहे।

यूथ कांग्रेस आउटरीच सेल के अध्यक्ष बने मोहम्मद चांद

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी यानी पीसीसी सदस्य मोहम्मद चांद को युवा कांग्रेस आउट रीच सेल का नोएडा महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। महानगर का अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है।

यह नियुक्ति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंडी ओमेन तथा जोनल प्रभारी श्रीमती अनुजा बिश्नोई के निर्देश के बाद उत्तर प्रदेश के प्रभारी मोहम्मद अब्दुल रहमान तथा उ.प्र. के अध्यक्ष शरद बंसल ने की है।

इस मौके पर मोहम्मद चांद ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राय तथा अन्य शीर्ष पदाधिकारी का आभार जताया।

इस मौके पर पीसीसी सदस्य व कांग्रेस के पूर्व नोएडा महानगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन ने फूल माला पहनकर मोहम्मद चांद का स्वागत किया। नई जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व एआईसीसी सदस्य दिनेश अवाना सोशल मीडिया की उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष पंखुड़ी पाठक राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव एआईसीसी सदस्य व प्रदेश सचिन व पुरुषोत्तम नगर तथा पूनम पंडित आदि नेताओं ने मोहम्मद चांद को बधाई दी।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट ने की सबसे बड़ी कुर्की, हरियाणा के गैंगस्टर की कमर तोड़ी

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) पुलिस कमिश्नरेट ने अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ते हुए अब तक की सबसे बड़ी कुर्की की कार्रवाई की है। नोएडा पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के आदेश पर नोएडा पुलिस ने हरियाणा के गैंगस्टर एवं कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गिरोह के सदस्य की आर्थिक कमर तोड़ दी है।

नोएडा (गौतमबुद्धनगर) की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नोएडा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। अब तक पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश पर कई कुख्यात

बदमाश व भूमाफियाओं की करोड़ों की संपत्ति कुर्क की गई है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सरकारी व किसानों की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले कुख्यात माफिया सरगना रणदीप भाटी गिरोह के सदस्य भूमाफिया बृजानंद पुत्र भीम निवासी ग्राम तिगांव थाना तिगांव जनपद फरीदाबाद हरियाणा के खिलाफ 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में भूमाफिया बृजानंद द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए हैं।

गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर के आदेश पर भूमाफिया बृजानंद की मथुरा के मौजा कौसीकलां नई आबादी ईदगाब एरिया व पैठ एरिया तहसील छाता जिला मथुरा में आवासीय प्लॉट 1. खसरा नं. 370/2 व 371/2 क्षे0 766.9 वर्ग मीटर व खसरा नं. 376/4, 376/8 का क्षेत्रफल 2990.68 वर्ग मीटर कुल 3757.58 वर्ग मीटर को कुर्क करने के आदेश दिए हैं। भूमाफिया बृजानंद द्वारा अवैध रुप से अर्जित इस कुल अचल संपत्ति की कीमत 23 करोड़ 64 लाख 71 हजार 24 रुपये बताई जा रही है। नोएडा पुलिस द्वारा की गई यह अब तक की सबसे बड़ी कुर्की की कार्यवाही है।

बता दें कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने जब से गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट का पदभार संभाला है। उन्होंने कुख्यात रणदीप भाटी गैंग के अलावा क्षेत्र में सक्रिय अनेक कुख्यात गैंग से जुड़े बदमाशों की आर्थिक कमर तोड़कर रख दी है। अब तक दर्जनों गैंगस्टर, भूमाफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनकी करोड़ों रुपये की चल अचल संपत्ति को कुर्क कराया है।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नोएडा(चेतना मंच)। अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता व साक्षरता शिविर का आयोजन स्टेपल्स अवार्ड सोशल वेलफेयर फांउडेशन में किया गया।

एड्स से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। शिविर में बताया कि यूनिफेब की रिपोर्ट के मुताबिक 37.9 मिलियन लोग एच.आई.वी. के शिकार हो चुके है। वर्ष 1988 में सबसे पहला एड्स दिवस मनाया गया।

शिविर में विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, शिक्षा के अधिकारो के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालिज योजनाओं जैसे नि:शुल्क विधिक सहायता, पीडित क्षतिपूर्ति योजना, लोक अदालत, मध्यस्थता द्वारा आपसी विवादों का निपटारा आदि के संदर्भ में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में संस्था के संचालक प्रदीप सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

शराब छुड़ाए बिना बताए
अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें
नशा मुक्ति केन्द्र
नोएडा
नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास
रोजाना 1 से 4 बजे तक (मंगलवार बन्द)
फरीदाबाद
सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट (बीकानेर मिष्ठान भण्डार)
(सिर्फ हर मंगलवार) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक
मो०-9818250344

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2001
PROPERTIES AVAILABLE FOR SALE IN GREATER NOIDA
RESIDENTIAL

S.No.	Plot Size	House No./Block	Price	Other Details
1	300 Sq.mtr	C-221, Sigma - 02	32 Lakh	Completion, S/W
2	200 Sq.mtr	G-666, Alpha - 02	1.75 Cr	Completion, N/F & 18 MTR Road
3	[illegible]	[illegible]	[illegible]	Single Story, Corner (18X12), N/E
4	1,166 Sq.ft	Silver City - 02, H-1	95 Lakh	2+1 BHK Apartment
5	20,70 Sq.ft	277/Block-GD, Sector - 10	9 Lakh	1 BHK, Top Floor
6	2458 Sq.ft	Royal Apartment (Duplex), Sigma - 04	On Request	3BHK, Low rise, Lift
7	247 Sq.mtr	[illegible]	1.40 Cr	50% Completion, Corner, N/W
8	110 Sq.mtr	3% Plot, LIG MIG EWS	25000/Sq.Mtr	Corner Plot
9	121 Sq.mtr	5% Plot, LIG MIG EWS	30000/Sq.Mtr.	Corner Plot
10	250 Sq.mtr	5% Plot, LIG MIG EWS	14000/Sq.Mtr	Corner Plot

COMMERCIAL

S.No.	Shop Size	Complex Address	Price	Other Details
1	25.5 Sq.mtr	Block - C, Alpha - 01	35 Lakh	G.Floor, Corner, N/E
2	36.5 Sq.ft	MGF Plaza, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, N/F
3	15.5 Sq.mtr	Kadamba Shopping Complex, Gamma - 01	40 Lakh	G.Floor, N/W
4	8.15 Sq.mtr	Kiosk, P-3	22 Lakh	24 Mtr Road, N/W

CONTACT US : +919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-201308

सुगम यात्रा सुरक्षित जीवन
50 बसों, 38 इंटरसेप्टर वाहनों एवं 12 पब्लिसिटी वैन का
फ्लैग ऑफ
एवं
4,100 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों को
अनुदान राशि का हस्तांतरण
तथा
'मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड' के साथ 5 'ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट' के ऑटोमेशन एवं महिला चालकों के प्रशिक्षण हेतु 'उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन' और 'उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' के साथ एम.ओ.यू.
मुख्य अतिथि
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परिवहन, उत्तर प्रदेश
समझदार बनें, सुरक्षित रहें।
दिनांक : 2 दिसंबर, 2023 | समय : अपराह्न 3:30 बजे
स्थान : 5, कालिदास मार्ग, लखनऊ
लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश